

# पुष्पांजली टुडे

नई सोच, नई पहल

■ ग्वालियर ■ वर्ष : 4 ■ अंक : 296

ग्वालियर, सोमवार, 20 दिसम्बर, 2021

■ पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.



## खास खबर

### पैसो के लेनदेन को लेकर बिल्डर ने निगमकर्मी के साथ ऑफिस मे की मारपीट

**भोपाल।** राजधानी के कोलार थाना इलाके में एक बिल्डर द्वारा पैसों के लेनदेन को लेकर हुए विवाद मे निगम कर्मचारी के साथ ऑफिस में मारपीट किये जाने का मामला सामने आया है। बताया गया है कि फरियादी कर्मचारी के साथ उस समय मारपीट की गई, जब वो ऑफिस का काम कर रहा था। मामले मे पीडीत की शिकायत पर पुलिस ने शासकीय कार्य में बाधा पहुंचाने सहित अन्य धाराओ मे प्रकरण भी दर्ज आगे की कार्यवाही जुटी है। कोलार पुलिस के अनुसार फरियादी सुनील मारण ने शिकायत करते हुए बताया कि वो नगर निगम के वार्ड 81 में काम करता है। बीती दोपहर वो ऑफिस मे काम कर रहा था। इस दौरान होशंगाबाद रोड निवासी बिल्डर रोहित दुबे कार्यालय आए और पुराने लेनदेन को लेकर उनके दुर्व्यवहार करने लगे। सुनील ने जब उनसे दुर्व्ययवहार न करते हुए सही तरीके से बात करने को कहा तो रोहित ने उनसे विवाद करना शुरु कर दिया। इसके बाद आरोपी ने निगम कर्मचारी के साथ मारपीट और झूमाझटकी करते हुए उसे धमकी देते हुए शासकीय कार्य में बाधा भी पहुंचाई। बाद मे थाने पहुचें फरियादी सुनील की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी रोहित दुबे के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### पीएम मोदी ने कोरोना के दौरान दुनिया को अपना नेतृत्व कौशल दिखाया

**पणजी।** गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने राज्य मुक्ति दिवस की 60वीं वर्षगांठ के मौके पर कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कोरोना के दौरान दुनिया को अपना नेतृत्व कौशल दिखाया।सावंत ने कहा, हमारे प्रधानमंत्री मोदी ने कोरोनास से निपटने में पूरी दुनिया को अपना नेतृत्व कौशल दिखाया। उन्होंने दुनिया भर में देश का गौरव बढ़ाया है। सावंत ने कहा, गोवा के लोगों की ओर से मैं पीएम और उनके मंत्रिमंडल के सदस्यों को धन्यवाद देना चाहता हूं कि उन्होंने हमें कोविड की लहर से उबरने में मदद की है। मोदी 60वीं वर्षगांठ समारोह में भाग लेने के साथ-साथ राज्य में 600 करोड़ रुपये की बुनियादी ढांचा परियोजनाओं का उद्घाटन करने के लिए रविवार को गोवा का दौरा करने वाले हैं। 19 दिसंबर, 1961 को भारतीय सशस्त्र बलों द्वारा गोवा को 451 साल के औपनिवेशिक शासन से मुक्त कराया गया था।

### जम्मू-कश्मीर प्रशासन के ऐतिहासिक फैसलों से असुरक्षा की भावना में घिरे महबूबा और उमर अबदुल्ला

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर प्रशासन ने हाल ही में जो ऐतिहासिक फैसले किए हैं,उससे पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी और नेशनल कांफ्रेस के नेताओं में असुरक्षा की भावना देखी जा रही हैं। इनके नेता प्रशासन के हर काम में कमी निकाल रहे हैं। महबूबा मुफ्ती और उमर अब्दुल्ला लोगों को कह रहे हैं, कि उनके अधिकार छीने जा रहे हैं, आने वाले भविष्य में उनके पास कुछ भी नहीं रहेगा। इनकी इस तरह की बातें बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है कि वे खुलेआम झूठ फैलाकर अपने आपको फिर से प्रासंगिक बनाने की कोशिश में हैं।केन्द्र सरकार ने पांच अगस्त 2019 को जम्मू-कश्मीर का विशेष दर्जा समाप्त करने की घोषणा कर राज्य को दो केन्द्रशासित प्रदेशों में विभाजित कर दिया था,तब उस समय काफी चीजों में बदलाव आया था। पिछले ढाई वर्षों में केन्द्र सरकार ने जो नियम लागू किए हैं उनसे स्थानीय नेताओं में एक तरह की व्याकुलता है लेकिन अब जम्मू-कश्मीर विकास तथा समृद्धि की राह पर चल पड़ा है। स्थानीय लोगों को अब समझ में आने लगा है कि उनके नेता सिर्फ नारेबाजी करते हैं और धरातल पर उन्होंने जनता के विकास के लिए कोई ठोस काम नहीं किया है। अब नए दौर में जब चीजें नई दिशा की तरफ जा रही हैं, नए जम्मू-कश्मीर की ठोस बुनियाद रखी जा रही है।वहीं ये नेता समय की घड़ी को वापिस ले जाकर हर चीज को पुराने दौर में ले जाना चाहते हैं ताकि उन्हें राजनीति करने का मौका मिलता रहा। हाल ही में राजौरी जिले में युवा सम्मेलन को संबोधित करते हुए मुफ्ती ने कहा था कि लोगों के जो अधिकार छीने गए हैं उन्हें उनके लिए संघर्ष करना चाहिए और अगर वे ऐसा करने का साहस नहीं दिखाएंगे, तब आने वाली पीढ़ियां उनसे सवाल करेंगी क्योंकि उनकी जमीन, रोजगार और राज्य के खनिज संसाधनों को छीनकर बाहरी लोगों को दिया जा रहा है। जम्मू-कश्मीर प्रशासन ने जब भूमि इस्तेमाल कानूनों में बदलाव की घोषणा की और कृषि भूमि को गैर कृषि कार्यों में परिवर्तित करने की राजस्व बोर्ड की अनुसंशाओं को मंजूरी दी,तब महबूबा ने कहा था कि यह जम्मू-कश्मीर की जनसांख्यिकी को बदलने की कोशिश की जा रही है। उमर अब्दुल्ला ने भी उनके सुर में सुर मिलाते हुए कहा था कि भूमि इस्तेमाल कानूनों में बदलाव से तत्कालीन सरकार के समय में जो प्रगति हुई थी, वह रूक जाएगी।

## ओवरड्राफ्ट फैसिलिटी

# नए साल से पहले पीएम मोदी का महिलाओं को बड़ा तोहफा

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ग्रामीण महिलाओं को बड़ा तोहफा दिया है। 2022 के शुरु होने के ठीक पहले पीएम मोदी ने ग्रामीण इलाके की महिलाओं को 5000 की ओवरड्राफ्ट फैसिलिटी की सुविधा देने की घोषणा की है। दरअसल ग्रामीण विकास मंत्रालय ने देश भर की महिलाओं के लिए एक बड़ी सौगात का ऐलान किया है। ग्रामीण इलाके की जो महिलाएं दीनदयाल अंत्योदय योजना-राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत सत्यापित महिला स्वयं सहायता समूह से जुड़ी हैं, उनके लिए यह सुविधा शुरू हो रही है। किसी इमरजेंसी की स्थिति में ग्रामीण महिलाओं को बैंक से 5000 की ओवरड्राफ्ट फैसिलिटी मिल सकेगी। ओवरड्राफ्ट फैसिलिटी का इस्तेमाल कर महिलाएं किसी भी समय अपने बैंक अकाउंट में मौजूद रकम से 5000 अधिक तक निकाल सकती हैं। आमतौर पर ऐसी सुविधाएं बैंक अपने बड़े ग्राहकों को देते हैं लेकिन अब ग्रामीण महिलाओं को भी इस सुविधा से उन्हें जरूरत के समय पैसे लेने के लिए किसी और के सामने हाथ नहीं फैलाना पड़ेगा। ग्रामीण विकास मंत्रालय के सचिव नागेन्द्र नाथ सिन्हा ने 18 दिसंबर 2021 को दीनदयाल अंत्योदय योजना-राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत सत्यापित महिला स्वसहायता समूह सदस्याओं के लिये 5000 रुपये की



ओवरड्राफ्ट सुविधा का शुभारंभ किया है। सरकारी बैंक और राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन कार्यक्रम में हिस्सा ले रहे हैं। इस आयोजन में सभी बैंकों के मैनेजिंग डायरेक्टर, उप प्रबंध निदेशक, कार्यकारी निदेशक समेत मुख्य महाप्रबंधक भी शामिल हुए। इस कार्यक्रम में राज्य ग्रामीण आजीविका मिशनों के अधिकारी भी शामिल थे। सत्यापित स्वसहायता सदस्यों को पांच हजार रुपये की ओवरड्राफ्ट सुविधा की अनुमति देने के विषय में वित्तमंत्री ने 2019-20 के अपने बजट भाषण में घोषणा की थी। उसके अनुसार ग्रामीण विकास मंत्रालय के अधीन दीनदयाल अंत्योदय योजना-राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (डीएवाई-एनआरएलएम) ने देश के ग्रामीण इलाकों में महिला स्वसहायता समूहों की सदस्याओं को ओवरड्राफ्ट सुविधा प्रदान करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

### यूपी में कल 1.6 लाख समूहों को 1,000 करोड़ ट्रांसफर करेंगे पीएम मोदी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लोगों को नई सौगात देने वाले हैं, जिसमें 1.60 लाख स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) के खातों में 1,000 करोड़ रुपये और मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के 1.01 लाख लाभार्थियों को 20.20 करोड़ रुपए हस्तांतरित किए जाएंगे। वह मंगलवार को प्रयागराज के दौरे पर 202 पूरक पोषण निर्माण इकाइयों की आधारशिला भी रखेंगे। सरकार के प्रवक्ता के अनुसार, लगभग 80,000 स्वयं सहायता समूहों को 1.10 लाख रुपये की दर से सामुदायिक निवेश कोष प्राप्त होगा और 60,000 स्वयं सहायता समूहों को 15,000 रुपये रिवोल्विंग फंड के रूप में मिलेगा। प्रधानमंत्री तब मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के 1.01 लाख लाभार्थियों को 20.20 करोड़ रुपए हस्तांतरित करेंगे, जिसके तहत विभिन्न चरणों में एक लड़की के खाते में सशर्त नकद हस्तांतरण किया जाएगा, जिसमें से सभी कुल 15,000 रुपए की हकदार होंगी।

### स्वर्ण मंदिर में यूपी के युवक की पीट-पीटकर हत्या

**अमृतसर।** अमृतसर में स्वर्ण मंदिर में शनिवार शाम कथित तौर पर बेअदबी का प्रयास करने वाले उत्तर प्रदेश के युवक की जम कर पिटाई की गई, जिसके बाद उसकी मौत हो गई। घटना उस समय हुई जब वह पवित्र स्थल पर उस स्थान के पास पहुंच गया जहां सिख ग्रंथी पवित्र गुरु ग्रंथ साहिब का पाठ कर रहे थे। शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (एसजीपीसी) कार्यबल के सदस्यों ने उस व्यक्ति को हिरासत में ले लिया। इसके बाद बताया गया कि भीड़ ने उस युवक की पीट-पीट कर हत्या कर दी। पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री प्रकाश सिंह बादल ने अमृतसर दरबार साहिब में बेअदबी मामले की निंदा की है। साथ ही उन्होंने कहा है कि घटना के पीछे कोई बड़ी साजिश हो सकती है, जिसे बेनकाब करना बहुत जरूरी है, जिसके लिए केंद्र सरकार या फिर न्यायिक स्तर पर इसकी जांच होनी चाहिए। वहीं, शिरोमणि अकाली दल के प्रवक्ता चरणजीत सिंह बराड़ ने घटना को साजिश करार दिया। उन्होंने कहा यह एक साजिश के तहत की गई घटना है। धार्मिक भावनाओं को भड़का कर पंजाब का माहौल खराब करने की साजिश की जा रही है। पुलिस उपायुक्त पीएस भंडाल ने कहा उत्तर प्रदेश का रहने वाला व्यक्ति लगभग 30 वर्ष का था और उसकी पहचान की जा रही है। सभी सीसीटीवी कैमरों की जांच की जा रही है कि वह स्वर्ण मंदिर में कब दाखिल हुआ और कितने लोग उसके साथ थे। एक प्रत्यक्षदर्शी ने बताया कि युवक संगत के साथ दर्शन का इंतजार कर रहा था, लेकिन अचानक वह सुरक्षा रेलिंग पर चढ़ गया और श्री गुरु ग्रंथ साहिब के 'सरूप' के सामने रखी सोने की तलवार को उठाने की कोशिश करने लगा। एक अन्य चशमदीद ने बताया आरोपी ने पास में रखी फूलों की पंखुड़ियों को लेने की भी कोशिश की।

## अमरिंदर मुझे हटाना चाहते थे खुद हट गए, पंजाब में खत्म हुआ राजाओं और राणाओं का दौर : सिद्धू

**चंडीगढ़।** पंजाब कांग्रेस की अंदरूनी कलह खत्म होने का नाम ही नहीं ले रही है। कैबिनेट मंत्री राणा गुरजीत सिंह और सुल्तानपुर लोधी सीट से विधायक नवतेज चीमा के बीच जारी घमासान के बीच



प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष नवजोत सिंह सिद्धू ने भी पूर्व सीएम कैप्टन अमरिंदर सिंह और राणा गुरजीत सिंह पर निशाना साधा है। पूर्व सीएम अमरिंदर सिंह से सिद्धू की अनबन किसी से छिपी नहीं है, लेकिन इस बार एक रैली में वह पंजाब मंत्री राणा गुरजीत सिंह का भी मखौल उड़ाने से पीछे नहीं हटे। खुद को गुरु संबोधित करते हुए सिद्धू ने यह कहा उन्होंने राणाओं और राजाओं के दौर को खत्म करवा दिया है। दरअसल, सिद्धू, नवतेज चीमा के पक्षधर हैं। चीमा सुलतानपुर लोधी से अपने लिए विधानसभा चुनाव में टिकट पाना चाहते हैं, लेकिन राणा गुरजीत सिंह अपने बेटे राणा इंदर प्रताप सिंह को भी इसी सीट से लड़वाना चाहते हैं। नवजोत सिंह सिद्धू ने न सिर्फ चीमा के समर्थन में रैली की, बल्कि उन्होंने लोगों से यह अपील भी की कि वे अगले 10 सालों के लिए चीमा को अपना सरदार बनाए रखें। कैप्टन अमरिंदर सिंह और गुरजीत राणा पर निशाना साधते हुए सिद्धू ने कहा मुझे घर बैठा दिया गया। किसने किया था यह कैप्टन ने। क्या कभी किसी ने सोचा था कि कैप्टन को हटाया जाएगा।

## राजगढ के आंठवी, बाहरवीं पास युवक कर्जा होने पर छापने लगे नकली नोट

**भोपाल।** राजधानी की क्राइम ब्रांच टीम ने राजगढ के दो ऐसे युवको को ईटंखेडी इलाके से गिरफ्तार किया है, जो नकली नोट खपाने भोपाल आये थे। पुलिस ने उनके पास से पॉच-पॉच ओर दौ सौ के 2 लाख से अधिक के




जाली नोट बरामद किये है। पुलिस ने उनके पास से जाली करेंसी सहित नोट तैयार करने के लिये प्रयोग किया जाने वाला कलर प्रिंटर भी जप्त किया है। बताया गया है कि दोनो आरोपी आंठवी ओर बाहरवी पास है, जिनमे एक मेडिकल स्टोर चलाता है, ओर दुसरा ड्रायवर है, आरोपियो ने अपने उपर हुए कर्जे को चुकाने के लिये नकली नोट तैयार कर उन्हे मार्केट मे खपाने की योजना बनाई थी, लेकिन इससे पहले की वो यह जाली करेंसी राजधानी मे खपाते उसके पहले ही पुलिस ने उन्हे दबोच लिया। क्राइम ब्रांच अफसरो ने जानकारी देते हुए बताया कि क्राईम ब्रांच टीम को मुखविर से सूचना मिली कि दो सदिंग्ध युवक नकली नोट रखे हुए लाबांखेडा ब्रिज के पास खडे है, जो यह नोट खपाकर फरार होने की फिराक मे है। मुखबिर से सूचना मिलते ही टीम ने दोनो सदिंग्धो को घेराबंदी कर पकडते हुए उनसे पुछताछ की।

# तीसरी लहर से निपटने के लिए सरकार तैयार, हर जिले की बनेगी प्लानिंग रिपोर्ट


### निजी अस्पताल के साथ समन्वय बनाने के निर्देश


**भोपाल।** देश के 12 राज्यों में कोरोना के नए वैरिएंट ओमिक्रॉन से संक्रमित लोगों की संख्या 143 पहुंच गई है। प्रदेश में अभी कोरोना के नए वैरिएंट प्रदेश में कोई भी पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन पड़ोसी राज्यों में ओमिक्रॉन के मामले मिलने के साथ ही प्रदेश सरकार एक्टिव हो गई है। ओमिक्रॉन से कोरोना की संभावित तीसरी लहर को लेकर सरकार ने तैयारी शुरू कर दी है। रविवार को चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास सारंग ने इसकी जानकारी दी। सारंग ने कहा कि नए वैरिएंट के प्रसार के बीच राज्य सरकार ने अस्पतालों में बेड्स की संख्या में बढ़ोतरी



कर दी है, ऑक्सीजन कंसंट्रेटर की उपलब्धता और सरकारी अस्पतालों में ऑक्सीजन प्लांट्स की स्थापना सहित चिकित्सा सुविधाओं को अपग्रेड किया है। प्रदेश के के सभी 13 मेडिकल कॉलेजों और उनसे संबंधित अस्पतालों को भी अपग्रेड किया गया है।

**हर जिले की प्लानिंग रिपोर्ट बनेगी:** मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शनिवार को समीक्षा बैठक ली थी। इस बैठक में सभी प्रभारी मंत्री और प्रभारी अधिकारी वर्चुअली मौजूद थे। बैठक में निर्णय हुआ कि हर जिले की प्लानिंग रिपोर्ट बनाई जाएगी। इसके लिए जिला कलेक्टर को अधिकृत किया गया है। इसमें यह सुनिश्चित किया जाएगा कि सरकारी और निजी अस्पतालों में कितने बेड की व्यवस्था की जा सकती है।



न्यूज़ ट्रैक....

## पीएसएल के पहले मुकाबले में मुल्तान का मुकाबला कराची किंग्स से होगा

**लाहौर** । पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) मुकाबलों के लिए तारीखों की घोषणा कर दी है। इसमें मुल्तान सुल्तान का मुकाबला अगले साल 27 जनवरी को पीएसएल 2022 के उद्घाटन मैच में मेजबान टीम कराची किंग्स से होगा। वहीं साल 2019 चैंपियन क्वेटा ग्लैडिएटर्स पहले दिन पेशावर जाल्मी का सामना करेगी। इस 32-दिवसीय और 34 मैचों के टूर्नामेंट में खेले जाने वाले 6 डबल-हेडर (एक दिन में दो मैच) वाले मुकाबले होंगे। इसमें पहला मैच मुल्तान सुल्तांस 2020 के उपविजेता लाहौर कलंदर्स से होगा, जिसके बाद कराची किंग्स और क्वेटा ग्लैडिएटर्स खेलेगी। इसमें इस्लामाबाद जब पेशावर जाल्मी से खेलेगी तो शाम का मैच कराची किंग्स और लाहौर कलंदर्स के बीच खेला जाएगा। कराची के बाद गद्दाफी स्टेडियम में 27 जनवरी से 7 फरवरी तक 15 मैच खेले जाएंगे। यहां शेष 15 लीग मैच और चार प्लेऑफ मुकाबले भी 10 से 27 फरवरी तक होंगे। पीसीबी के अनुसार पीएसएल ड्राफ्ट 2022 12 दिसंबर को लाहौर के हाई-परफॉर्मेंस सेंटर में आयोजित किया जाएगा।

## ओडिशा में होगा इंडिया ओपन : बीडब्ल्यूएफ

**नई दिल्ली** । भारत अगले साल जनवरी में ओडिशा ओपन सहित कुल तीन अंतरराष्ट्रीय बैडमिंटन प्रतियोगिताओं का आयोजन करेगा। विश्व बैडमिंटन महासंघ (बीडब्ल्यूएफ) ने जो अंतरराष्ट्रीय कैलेंडर जारी किया जिसके अनुसार भारत 11 से 16 जनवरी के बीच इंडिया ओपन सुपर 500 टूर्नामेंट की मेजबानी करेगा। वहीं सैयद मोदी अंतरराष्ट्रीय सुपर 300 टूर्नामेंट 18 से 23 जनवरी के बीच आयोजित किया जाएगा। इसके बाद 25 से 30 जनवरी के बीच ओडिशा ओपन सुपर 100 टूर्नामेंट होगा। इसके अलावा हैदराबाद ओपन सुपर 100 टूर्नामेंट को 2022 के कैलेंडर में शामिल नहीं किया गया है। बीडब्ल्यूएफ ने हालांकि कहा कि संशोधित कैलेंडर में और सुपर 100 टूर्नामेंट को जोड़ने के लिये वह अब भी बातचीत कर रहा है।बीडब्ल्यूएफ के महासचिव थॉमस ने कहा, कोरोना महामारी को देखते हुए खिलाड़ियों की सुरक्षा हमारी पहली प्राथमिकता है। इसलिए सभी सुरक्षा उपायों के साथ से टूर्नामेंट आयोजित किये जाएंगे। गौरतलब है कि जनवरी 2021 में थाईलैंड में एशियाई चरण की सफलता के बाद से ही अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं को फिर से शुरू करने की राह बनी है।

## काउंटी टीम ससेक्स ने रिजवान और राशिद से करार किया

**लंदन** । इंग्लैंड की काउंटी टीम ससेक्स ने पाकिस्तान के विकेटकीपर बल्लेबाज मोहम्मद रिजवान और अफगानिस्तान के स्पिनर राशिद खान के साथ साल 2022 सत्र के लिए करार किया है। रिजवान का यह क्लब के साथ पहला अनुबंध है, वहीं राशिद से क्लब ने चौथी बार करार किया है। राशिद से पहली बार 2018 में करार किया गया था। रिजवान अगले साल अप्रैल की शुरुआत से उपलब्ध होंगे और काउंटी चैंपियनशिप और टी-20 ब्लास्ट में हिस्सा लेंगे, जबकि राशिद टी-20 ब्लास्ट में ही नजर आएंगे। इस प्रकार रिजवान और ट्रैविस हेड के साथ राशिद 2022 सत्र के लिए क्लब के तीसरे विदेशी खिला?ी होंगे, हालांकि इनमें से केवल दो खिला?ी ही अंतिम ग्यारह में शामिल होंगे। ससेक्स के टी-20 कोच जेम्स कीर्तिले ने एक बयान में कहा कि राशिद टी-20 क्रिकेट में सर्वश्रेष्ठ हैं और हम उन्हें टीम में शामिल कर उत्साहित हैं।

# द्रविड़ की क्लास के साथ टीम इंडिया ने की प्रैक्टिस

**मुंबई।** 26 दिसंबर से भारत और साउथ अफ्रीका के बीच 3 मैचों की टेस्ट सीरीज का आगाज होने जा रहा है। दोनों टीमों के बीच पहला मुकाबला सेंचुरियन में खेला जाएगा। BCCI ने विराट कोहली को वनडे की कप्तानी से हटा दिया है। टी-20 की कप्तानी कोहली पहले ही छोड़ चुके हैं। अब वह सिर्फ टेस्ट टीम के कप्तान हैं। इसको लेकर BCCI और विराट कोहली के बीच काफी विवाद देखने को मिल रहा है। हालांकि लगातार सामने आ रही विवाद की खबरों के बीच कोहली एंड कंपनी ने शनिवार को साउथ अफ्रीका दौरे पर अपने पहले प्रैक्टिस सेशन में भाग लिया। अभ्यास के दौरान टेस्ट कप्तान विराट के अलावा सभी खिलाड़ी जमकर पसीना बहाते नजर आए।

साउथ अफ्रीका की पिच स्विंग, गति और उछाल के लिए जानी जाती है। यहां टीम इंडिया के बल्लेबाज बहुत संघर्ष करते हैं, लेकिन इस बार टीम खेल के हर डिपार्टमेंट में काफी मजबूत नजर आ रही है। ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड की पिचों पर भारतीय टीम ने टेस्ट क्रिकेट में अच्छा प्रदर्शन कर सभी को खासा प्रभावित किया है। अफ्रीकी पिचों पर टीम जोरदार खेल दिखाने के लिए बेताब रहेगी।



**कोच द्रविड़ की शरण में कोहली की टोली :** बतौर हेड कोच राहुल द्रविड़ के टीम इंडिया के साथ ये पहला विदेशी दौरा है। यह दौरा द्रविड़ और पूरी टीम के लिए काफी अहम माना जा रहा है। दरअसल, भारतीय टीम ने अफ्रीकी सरजमीं पर आज तक कोई टेस्ट सीरीज नहीं जीती है। ऐसे में राहुल द्रविड़ के लिए दौरा काफी चुनौतीपूर्ण रहेगा।

**बल्लेबाजों से रहेगी उम्मीद:** चोटिल रोहित शर्मा की गैरमौजूदगी के अलावा चेतेश्वर पुजारा और अजिंक्य रहाणे की खराब फॉर्म टीम इंडिया के लिए चिंता का विषय हो सकती है। ऐसे में अगर साउथ अफ्रीका में सीरीज जीतनी है, तो कैप्टन कोहली के साथ-साथ नई ओपनिंग जोड़ी मयंक अग्रवाल और केएल राहुल पर अच्छे प्रदर्शन का दबाव रहेगा।

**अय्यर से रहेगी उम्दा प्रदर्शन की उम्मीद:** न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू सीरीज से टेस्ट डेब्यू करने वाले श्रेयस अय्यर से साउथ अफ्रीका सीरीज में भी दमदार प्रदर्शन की उम्मीद जताई जा रही है। हूँ के खिलाफ अय्यर ने 2 टेस्ट मैचों की 4 पारियों में 50.5 की औसत के साथ कुल 202 रन बनाए थे।

### अश्विन छोड़ सकते हैं छाप

इंग्लैंड दौरे पर आर अश्विन को एक भी टेस्ट खेलने का मौका नहीं मिला था। साउथ अफ्रीका में अश्विन ने 3 टेस्ट खेले हैं और 46.14 की औसत के साथ कुल 7 विकेट चटकाए हैं। हाल फिलहाल के समय में उनका प्रदर्शन विदेशी सरजमीं पर अच्छा रहा है। ऱ्स दौरे पर उन्होंने 3 मैचों में 12 विकेट अपने नाम किए थे और ऱ्र में भी अगर वो मेजबान टीम के बल्लेबाजों पर दबाव बनाने में सफल रहते हैं तो भारत को मैच जीता सकते हैं। अनिल कुंबले ने अफ्रीकी मैदानों पर 12 टेस्ट मैचों में कुल 45 विकेट लिए हैं, जो ये दर्शाता है कि इन मैदानों पर भी स्पिन गेंदबाज हावी हो सकते हैं।

### तेज गेंदबाजों पर रहेगी नजरें

साल 2018 में जसप्रीत बुमराह ने अपने टेस्ट करियर की शुरुआत साउथ अफ्रीका दौरे से ही की थी। बीते दो से तीन सालों में टीम इंडिया की तेज गेंदबाजी में जबरदस्त सुधार देखने को मिला है। कोहली एंड कंपनी को अगर इस बार साउथ अफ्रीका में टेस्ट सीरीज इतिहास रचना है तो पेस अटैक को फिर से दमदार प्रदर्शन करना होगा। बुमराह के अलावा इशांत शर्मा, मोहम्मद शमी, मोहम्मद सिराज और उमेश यादव तेज गेंदबाजी का हिस्सा है।

## विराट से जुड़े विवाद पर बीसीसीआई प्रमुख होने के नाते गांगुली को खुलकर देना चाहिए जवाब : मदनलाल

**नई दिल्ली** । विराट कोहली की वनडे कप्तानी जाने के बाद से ही भारतीय क्रिकेट में भूचाल आया हुआ है। भले ही विराट और बीसीसीआई की तरफ से यह कहा जा रहा है कि सब ठीक है, लेकिन दोनों तरफ से बीते दिनों जैसी बातें कही गई हैं, उसमें कहीं न कहीं खींचतान साफ नजर आ रही है। 1983 विश्व कप जीतने वाली टीम के सदस्य और पूर्व भारतीय कोच मदन लाल का मानना है बीसीसीआई अध्यक्ष होने के नाते सौरव गांगुली को इस पूरे विवाद पर खुलकर जवाब देना चाहिए। हाल ही में बीसीसीआई ने दक्षिण अफ्रीका दौरे के लिए टेस्ट टीम के ऐलान के साथ विराट कोहली को वनडे की कप्तानी से हटाने की जानकारी दी थी। इस पर बीसीसीआई अध्यक्ष सौरव गांगुली ने कहा था मैंने विराट से नेतृत्व परिवर्तन को लेकर बात की थी। साथ ही विराट से टी20 की कप्तानी नहीं छोड़ने की भी गुजारिश की थी। जबकि, दक्षिण अफ्रीका रवाना होने से पहले हुई प्रेस कॉन्फ्रेंस में विराट ने गांगुली के इस दावे को यह कहते हुए झुठला दिया था कि उनसे किसी ने भी नहीं कहा कि वह टी20 टीम की कप्तानी न छोड़ें। विराट ने यह कहकर विवाद को और भड़का दिया था कि वनडे कप्तानी को लेकर भी बोर्ड की तरफ से उनसे बात नहीं की गई।

## फुटबॉल टूर्नामेंट



*इन्दौर। नेहरू स्टेडियम में खेली जा रही अ.भा. गोल्डकप फुटबॉल स्पर्धा में शनिवार को लक्ष्मण सिंह गौड़ क्लब व चैलेंजर्स यूनाइटेड के बीच खेले गए मुकाबले का दृश्य।*

## सीएसके की ओर से खेलना चाहते हैं अश्विन



**मुम्बई** । अनुभवी स्पिनर आर अश्विन आईपीएल के 2022 सत्र में महेन्द्र सिंह धोनी की कप्तानी वाली चेन्नई सुपरकिंग्स (सीएसके) की ओर से खेलना चाहते हैं। अश्विन ने कहा है कि सीएसके मेरे दिल के करीब है। उन्होंने कहा, 'सीएसके मेरे दिल के करीब है। मेरे लिए वह स्कूल की तरह ही है। यहां मैंने प्री केजी, एलकेजी, यूकेजी, प्राइमरी स्कूल की शिक्षा ली हालांकि बाद में मैं दूसरे स्कूल में चला गया।' उन्होंने कहा कि सबकुछ पूरा होने के बाद मैं भी घर वापस आना पसंद करूंगा हालांकि यह सब नीलामी पर निर्भर करेगा। जनवरी के अंतिम सप्ताह में मेगा नीलामी शुरु हो सकती है। उन्होंने कहा कि नीलामी में चीजें आसान नहीं रहने वाली हैं। 10 टीमें अलग-अलग रणनीति के साथ उतरेंगी। सबकी अपनी सोच है। हमें नहीं पता है कि हम किस टीम की अंतिम ग्यारह में फिट होंगे। उन्होंने कहा कि बतौर पेशेवर मैं किसी भी टीम में जाता हूं, तो अपना सौ फीसदी देने का प्रयास करूंगा। टीमें आप पर ब?ी राशि खर्च कर रही हैं और आप पर भरोसा का रही हैं। इसलिए उन्हें निराशा नहीं किया जा सकता है। अश्विन ने जून 2010 में टीम इंडिया की ओर से डेब्यू किया था। वे आईपीएल के शुरुआती चरण से सीएसके के साथ थे। 2015 तक उन्होंने फ्रेंचाइजी की ओर से 94 पारियों में 24 की औसत से 90 विकेट लिए हैं। टीम के 2 साल के लिए निलंबित होने के बाद वे 2016 और 2017 में पुणे की ओर से उतरे

व्यापारन्यूज

## द्वितीयक इस्पात उत्पादक कंपनियां उन्नत प्रौद्योगिकी अपनाएं:इस्पात मंत्री

**नई दिल्ली** । इस्पात मंत्रालय ने क्षेत्र की द्वितीयक इस्पात उत्पादक कंपनियों से कहा कि वे 30 करोड़ टन इस्पात उत्पादन के लक्ष्य को प्राप्त करने में मदद देने के लिए वे अपनी विनिर्माण प्रौद्योगिकी को उन्नत बनाएं। द्वितीयक इस्पात निर्माता कंपनियां इलेक्ट्रिक आर्क फर्नेस और इंडक्शन फर्नेस के जरिये इस्पात का उत्पादन करती हैं। इस्पात मंत्री राम चंद्र प्रसाद सिंह ने हाल ही में मंडी गोबिंदगृह इस्पात क्लस्टर का दौरा किया और द्वितीयक इस्पात उत्पादक कंपनियों के प्रतिनिधियों से बातचीत की। उनके साथ मंत्रालय की अतिरिक्त सचिव रसिका चौबे और अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे। इस अवसर पर सिंह ने कहा कि द्वितीयक इस्पात उत्पादक घरेलू इस्पात क्षेत्र का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। इस क्षेत्र की सक्रिय भागीदारी के बगैर 30 करोड़ टन इस्पात निर्माण क्षमता के लक्ष्य को हासिल नहीं किया जा सकता। इस्पात मंत्री ने कहा कि इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए द्वितीयक इस्पात क्षेत्र को स्वयं को प्रौद्योगिकी के स्तर पर उन्नत करना होगा।

## एक बार फिर उड़ते नजर आएंगे जेट एयरवेज के विमान!

**मुंबई** । विमानन कंपनी जेट एयरवेज के विमान एक बार फिर आसमान में उड़ान भरते नजर आएंगे। दरअसल, दिवालिया हो चुकी जेट एयरवेज की बोली जीतने वाले कंसोर्टियम ने कहा कि वह इस एयरलाइन में पैसा लगाने को तैयार है और इसके लिए उसने कर्ज समाधान योजना पर अमल की प्रक्रिया तेज करने की मांग की है। मुरारी लाल जालान और फ्लोरियन फ्रिश्च के कंसोर्टियम ने कहा कि उसने समाधान योजना पर अमल को तेज करने के लिए नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल (एनसीएलटी) से संपर्क किया है। उसने कहा कि वह जेट एयरवेज का घरेलू परिचालन वर्ष 2022 में दोबारा शुरू करने पर भी काम कर रहा है। आईबीसी के तहत चलाई गई कर्ज समाधान प्रक्रिया के तहत इस कंसोर्टियम की तरफ से पेश योजना को एनसीएलटी ने ?पिछले जून में मंजूरी दे दी थी। कंसोर्टियम ने कहा कि वह स्वीकृत योजना के अनुरूप सभी हितधारकों को बकाया भुगतान करना चाहता है जिसमें जेट एयरवेज के पूर्व कर्मचारी, कामगार और कर्जदाता संस्थान शामिल हैं। उसने कहा कि उसके पास जरूरी पूंजी का इंतजाम हो गया है और अब वह समाधान योजना पर तेजी से अमल करना चाहता है। कंसोर्टियम ने एनसीएलटी के समक्ष दिए गए आवेदन में कहा है कि वह 22 दिसंबर 2021 से इस योजना को प्रभाव में लाना चाहता है। इस बीच परिचालन संबंधी मुद्दों पर वह अधिकारियों और एयरपोर्ट संचालकों के संपर्क में भी है।

# दस में से आठ प्रमुख कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 2.61 लाख करोड़ घटा

**नई दिल्ली** । सेंसेक्स की दसे में आठ प्रमुख कंपनियों का बीते सप्ताह बाजार पूंजीकरण में संयुक्त रूप से 2,61,812.14 करोड़ रुपए का घाटा हुआ। रिलायंस इंडस्ट्रीज के बाजार पूंजीकरण में सबसे अधिक कमी हुई। इस सूची में सिर्फ इंफोसिस और विप्रो लाभ में रहे। पिछले हफ्ते बीएसई सेंसेक्स में 1,774.93 अंक की गिरावट हुई। रिलायंस इंडस्ट्रीज (आरआईएल) का मूल्यांकन 79,658.02 करोड़ रुपए घटकर 15,83,118.61 करोड़ रुपए पर पहुंच गया। एचडीएफसी का मूल्यांकन 34,690.09 करोड़ रुपए घटकर 4,73,922.86 करोड़ रुपए रहा। बजाज फाइनेंस का बाजार पूंजीकरण (एम-कैप) 33,152.42 करोड़ रुपए घटकर 4,16,594.78 करोड़ रुपए और एचडीएफसी बैंक का एम-कैप 27,298.3 करोड़ रुपए घटकर 8,16,229.89 करोड़ रुपए रह गया। हिंदुस्तान यूनिलीवर लिमिटेड (एचयूएल) का मूल्यांकन 24,083.31 करोड़ रुपए घटकर 5,24,052.84 करोड़ रुपए और भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) का मूल्यांकन 24,051.83 करोड़ रुपए घटकर 4,17,448.70 करोड़ रुपए रह गया। आईसीआईसीआई बैंक का मूल्यांकन 20,623.35 करोड़ रुपए घटकर 5,05,547.14 करोड़ रुपए और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज का मूल्यांकन 18,254.82 करोड़ रुपए घटकर 13,26,923.71 करोड़ रुपए रह गया। इसके विपरीत, इंफोसिस का मूल्यांकन 26,515.92 करोड़ रुपए बढ़कर 7,66,123.04 करोड़ रुपए और विप्रो का मूल्यांकन 17,450.39 करोड़ रुपए बढ़कर 3,67,126.39 करोड़ रुपए हो गया। इन शीर्ष 10 कंपनियों की रैंकिंग में आरआईएल सबसे आगे थी। उसके बाद टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, एचडीएफसी बैंक, इंफोसिस, एचयूएल, आईसीआईसीआई बैंक, एचडीएफसी, भारतीय स्टेट बैंक, बजाज फाइनेंस और फिर विप्रो थी।

## अडानी ग्रुप की दौलत 1.53 अरब डॉलर कम हुई

**मुंबई** । भारत के दूसरे अमीर उद्योगपति गौतम अडानी की दौलत कम हो गई है। ब्लूमबर्ग बिलेनियर इंडेक्स के मुताबिक अडानी ग्रुप के चीफ की दौलत 1.53 अरब डॉलर की कमी आई है। विश्व के रईसों की सूची में गौतम अडानी 13वें पायदान से नीचे उतरकर 14वें पायदान पर आ गए हैं। उन्हें चीन के कारोबार झोंग शांशान ने रईसी के मामले में पछाड़ा है और दुनिया के सबसे अमीर लोगों की सूची में 13वां स्थान प्राप्त ? कर लिया है। ब्लूमबर्ग बिलेनियर इंडेक्स के मुताबिक गौतम अडानी की कुल संपत्ति 76.3 अरब डॉलर है। उनकी वैश्विक रैंकिंग में एक अंक की कमी आई है। वहीं दूसरी ओर झोंग शांशान के पास 77.5 अरब डॉलर की संपत्ति है। अब वह विश्व के 13वें सबसे अमीर अरबपति बन गए हैं। देश के सबसे धनी उद्योगपति मुकेश अंबानी दुनिया के 12वें सबसे अमीर अरबपति हैं। उनकी मौजूदा दौलत 87.1 अरब डॉलर है। वह एशिया के सबसे अमीर अरबपति बरकरार है। अंबानी की नेटवर्थ 87.1 अरब डॉलर है। अब झोंग शांशान एशिया के दूसरे और गौतम अडानी एशिया के तीसरे सबसे रईस व्यक्ति हो गए हैं। उधर, चीन के अलीबाबा समूह के संस्थापक जैक मा को भारत के विप्रो समूह के प्रमुख अजीम प्रेमजी टक्कर दे रहे हैं। दोनों के बीच दौलत का अंतर बहुत कम हो गया है। जैक मा की दौलत 38.7 अरब डॉलर है। वह 32वें सबसे अमीर अरबपति हैं। वहीं अजीम प्रेमजी 38.3 अरब डॉलर संपत्ति के मालिक होकर 33वें सबसे अमीर हैं।

## यूएई का शीर्ष व्यापारिक भागीदार बनाने का लक्ष्य: गोयल

**मुंबई** । केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने उद्योग जगत के शीर्षस्थ लोगों और निर्यात संवर्धन परिषदों के प्रमुखों के साथ हाल ही में एक बैठक की, जिसमें उन्होंने संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) द्वारा उपलब्ध कराए गए कारोबारी मंचों और इन्फ्रास्ट्रक्चर का लाभ उठाकर भारतीय उद्यमों के लिए अपने वैश्विक विस्तार करने से जुड़े अवसरों पर चर्चा की। गोयल ने मुंबई में आयोजित इस बैठक की अध्यक्षता की। यूएई सरकार के पूर्ण स्वामित्व वाली एक अग्रणी स्मार्ट लॉजिस्टिक प्रदाता डीपी वर्ल्ड ने उसके द्वारा भारतीय उद्यमियों और निर्यातकों को उपलब्ध कराए जाने वाले बाजार विस्तार के अवसर प्रस्तुत किए। कंपनी भारतीय उद्यमों के लिए एक प्रतिबद्ध बाजार इंडिया मार्ट ट्रेडर्स मार्केट स्थापित कर रही है, जो व्यापारियों और विनिर्माताओं को यूएई के स्थानीय बाजार और क्षेत्रीय बाजार के साथ कारोबार करने में सक्षम बनाएगी।




# चालू वित्त वर्ष में 10 फीसदी हो सकती है आर्थिक विकास दर: सीआईआई सर्वे

**नई दिल्ली** । देश के ज्यादातर मुख्य कार्यकारी अधिकारियों (सीईओ) ने चालू वित्त वर्ष में आर्थिक विकास दर के 10 फीसदी तक रहने का अनुमान व्यक्त ?किया है जबकि 10 फीसदी ने तो इसके दहाई अंक में रहने की उम्मीद जताई है। चीन से आयात में भारी कमी आने के साथ ही कोरोना के नये वेरिएंट ओमीक्रान से आर्थिक गतिविधियों के प्रभावित होने की भी बात कही गई है। उद्योग संगठन भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) द्वारा सीआईआई नेशनल काउंसिल के सदस्यों के बीच किए गए सर्वेक्षण में यह कहा गया है। इस काउंसिल में कंपनियों में सीईओ सदस्य होते हैं। सर्वेक्षण में शामिल 56 प्रतिशत सीईओ ने चालू वित्त वर्ष में विकास दर के 9 से 10 फीसदी तक रहने का अनुमान लगाया है जबकि 10 प्रतिशत ने तो इसके 10 फीसदी के पार पहुंचने की बात कही है। लद्दाख में चीनी सेना के साथ भारतीय सैनिकों की झड़प के बाद इस पड़ोसी देश के साथ कई प्रकार के आयात सीमित लिए जाने का असर अब भी दिख



रहा है क्योंकि इस सर्वे में शामिल 73 फीसदी सीईओ ने चीन से 10 फीसदी से भी कम आयात की बात कही है जबकि इसमें 22 फीसदी ने कहा कि चीन से उनका आयात 10 से 25 फीसदी के बीच में है।

कोरोना के नए वेरिएंट ओमीक्रॉन से आर्थिक गतिविधियों के प्रभावित होने के बारे में पूछे जाने पर इसमें शामिल 55 प्रतिशत से कहा कि इससे सेवा क्षेत्र पर बहुत ही बुरा असर पड़ सकता है जबकि 34 फीसद ने कहा कि विनिर्माण गतिविधियों भी प्रभावित हो सकती है। सर्वे में शामिल सीईओ में से 35 फीसदी ने चालू वित्त वर्ष में राजस्व में कोविड से पहले के वर्ष 2019-20 की तुलना में 10 से 20 फीसदी की बढोतरी की संभावना जताई है जबकि 33 फीसदी ने तो इसमें 20 फीसद से भी अधिक की बात कही है। इसमें शामिल 35 प्रतिशत सीईओ ने सकल लाभ के भी चालू वित्त वर्ष में कोरोना से पहले के वित्त वर्ष की तुलना में 20 फीसदी से अधिक की बढोतरी की उम्मीद जताई है जबकि 17 प्रतिशत ने इसके 10 से 20 फीसद के बीच रहने की बात कही है। करीब 70 फीसदी सीईओ ने आपूर्ति की बाधाओं के बावजूद विभिन्न पैरा मीटरों को लेकर आशावान दिखे हैं।

# अमर शहीद बिस्मिल के 94वें बलिदान दिवस पर निकाली मशाल पद यात्रा, गार्ड ऑफ ऑनर से किया सम्मान

### कलेक्टर श्री कार्तिकेयन ने शहीद पंडित रामप्रसाद बिस्मिल के बलिदान दिवस पर किया नमन





**मुरैना।** डाइट परिसर में शहीद बिस्मिल मंदिर पर हुए मुख्य आयोजन में कलेक्टर बी कार्तिकेयन, एसपी ललित शाक्यवार सहित अधिकारियों, गणमान्य व्यक्तियों ने अमर क्रांतिकारी पंडित रामप्रसाद बिस्मिल को श्रद्धांजलि दी और कलेक्टर ने शहीद पंडित रामप्रसाद बिस्मिल के बलिदान दिवस पर नमन भी किया। स्वतंत्रता संग्राम के योद्धा शहीद पंडित रामप्रसाद बिस्मिल के 94वें बलिदान दिवस पर मुरैना से अम्बाह के बरबाई तक बिस्मिल अमर रहे के नारों से गूंज उठा। रविवार को काकोरी कांड के नायक रामप्रसाद बिस्मिल का बलिदान दिवस उत्साह व सम्मान के साथ मनाया गया। डाइट परिसर स्थित अमर शहीद बिस्मिल मंदिर में कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कलेक्टर बी कार्तिकेयन ने पंचामृत से अभिषेक किया। पूजा अर्चना की और ध्वजारोहण कर शहीद बिस्मिल को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक ललित शाक्यवार, एडीएम नरोत्तम भार्गव मौजूद थे। कलेक्टर ने कहा कि हमे अपने स्वतंत्रता संग्राम के नायकों का हमेशा सम्मान करना चाहिए। स्वतंत्रता की लडाई में बिस्मिल का योगदान अविस्मरणीय है। यह हमारे चम्बल क्षेत्र के लिए गौरव की बात है कि यहां के वीर सपूत ने अंग्रेजी हुकूमत की नींव हिला दी थी।

कलेक्टर श्री कार्तिकेयन ने कहा कि देश के लिए बलिदान देने वाले राष्ट नायको के सम्मान में इस तरह के आयोजन की स्वस्थ परम्परा बनी रहे, इसके लिए प्रशासन द्वारा सहयोग किया जाता रहेगा। उन्होंने शहीद बिस्मिल जनकल्याण संस्था की टीम के कार्य की सराहना की। इसके बाद मशाल पदयात्रा को 21 तोपों की सलामी देने के बाद बिस्मिल के पैतृक गांव बरबाई के लिये रवाना किया। मशाल पदयात्रा शहीद स्मारक, नई हाउसिंग बोर्ड स्थित बिस्मिल चौराहे से होते हुए पंडित रामप्रसाद बिस्मिल संग्रहालय पहुँची। यहां अमर शहीद बिस्मिल को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इसके बाद 200 से अधिक लोगो का जत्था शहीद बिस्मिल संस्था के नरेश सिंह सिकरवार के नेतृत्व में रामप्रसाद बिस्मिल के पैतृक गांव बरबाई रवाना हुआ। इस दौरान भारत माता की जय और बिस्मिल अमर रहे के नारे लगाए गए। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक ललित शाक्यवार ने कहा कि अमर शहीद बिस्मिल द्वारा अपने प्राणों की आहुति इस बात का अहसास कराती है कि देश की स्वाधीनता से बढकर कुछ नहीं हो सकता है। युवाओं को क्रांतिकारियों के बलिदान और त्याग से प्रेरणा लेनी चाहिए। अपर कलेक्टर नरोत्तम भार्गव ने कहा कि उनकी गौरवगाथा से प्रेरणा लेने की बात कही। इससे पूर्व स्वागत भाषण व कार्यक्रम की रुपरेखा अमर शहीद बिस्मिल संस्था के नरेश सिंह सिकरवार ने प्रस्तुत की। इस अवसर पर प्रमुख रूप से नगर निगम आयुक्त संजीव जैन, एसडीएम, डीईओ सुभाष शर्मा, डीपीसी एमएस तोमर, श्योपुर जेलर विजय सिंह मौर्य, विशेन्द्र पाल जादौन गांधी, अशोक शर्मा सहित कई अधिकारी, समाजसेवी व गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

### स्वतंत्रता सेनानी, समाजसेवियों को किया सम्मानित

कार्यक्रम में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों व समाजसेवियों को कलेक्टर श्री कार्तिकेयन ने मंचासीन अतिथियों शॉल श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया। आभार प्रदर्शन पुरात्तव अशोक शर्मा ने किया। इस अवसर पर वरिष्ठ समाज सेवी डॉ. योगेशपाल गुप्ता, समाजसेवी हेमा अग्रवाल सहित 2 सैकडा से अधिक छात्र व गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

## झोपड़ पट्टी वासियों को शीत लहर से बचाने रात में कम्बल वितरण कर रही है आचार्य आनंद टीम

**अम्बाह।** झोपड़पट्टी वासियों और बेघर लोगों को शीतलहर से बचाने के लिए आचार्य आनंद टीम ने रात्रिकालीन कंबल वितरण सेवा प्रारंभ की। रात्रिकालीन कंबल वितरण सेवा शुरू करते हुए समाजसेवी एवं मध्य प्रदेश राज्य आनंद संस्थान के मास्टर ट्रेनर डॉ सुधीर आचार्य ने बताया कि आनंद विभाग की पहल पर प्रति वर्ष की



तरह इस वर्ष भी जिनके साथ-साथ रात में भी कंबल वितरण का कार्य शुरू किया गया है। रात्रि कालीन बेला में अंचल में भ्रमण करके आचार्य आनंद टीम जरूरतमंद बेघर और झोपड़पट्टी निवासियों के पास पहुंचकर उन्हें गर्म कंबल उपलब्ध कराती है। रात्रिकालीन कंबल वितरण सेवा का शुभारंभ आनंदक विश्वनाथ गुर्जर और मनोज शर्मा के संयोजन में प्रारंभ हुआ। आचार्य आनंद टीम के साथी अरविंद मावई, आनन्दक बिंदुसार सिंह तोमर, महेंद्र सखवार, आनंद विभाग के जिला समन्वयक बालकृष्ण शर्मा और रोटरी अध्यक्ष अंकित मिश्रा मुख्य रूप से उपस्थित रहे। रात्रिकालीन कंबल वितरण सेवा पूरे दिसंबर माह चलेगी।

## चुनाव प्रेक्षक मिश्रा ने नामांकन प्रस्तुत करने की प्रक्रिया का किया निरीक्षण



**मुरैना।** त्रि-स्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2021-22 के लिये प्रथम, द्वितीय चरण के नाम-निर्देशन पत्र जिले स्तर पर प्रस्तुत किये जा रहे है। इस दौरान मुरैना जिले के लिये राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त प्रेक्षक रविन्द्र कुमार मिश्रा ने कलेक्ट्रेट भवन पहुंचकर जिला पंचायत सदस्य के लिये प्रस्तुत किये जा रहे नाम-निर्देशन पत्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने रिटर्निंग ऑफीसर को निर्देश दिये कि नाम-निर्देशन पत्र प्रस्तुत करते समय साथ में अन्य दस्तावेजों का भी पूर्णतः से परीक्षण कर लिया जाये, कोई भी दस्तावेज अप्राप्त है तो उसे तत्काल सम्मिलित करा लें।

# पेंशनर मीट आयोजित, समस्याओं पर हुआ विचार




**मुरैना।** भारतीय स्टेट बैंक की मुख्य शाखा के तत्वधान में पेंशनर मीट का आयोजन रविवार को अभ्युदय आश्रम में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि क्षेत्रीय प्रबंधक आलोक बनर्जी, विशिष्ट अतिथि अनुराग तिवारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता पेंशनर संघ के अध्यक्ष श्री टुंडेले, जेपी कौशिक, उजागर सिंह चौहान ने की। कार्यक्रम के आरंभ में अमित भगत द्वारा अपने उद्बोधन में पेंशनर संबंधी समस्याओं एवं विसंगतियों पर ध्यान आकृष्ट कराते हुए समस्याओं का समाधान किया। तत्पश्चात बनर्जी ने 80 वर्ष एवं 75 वर्ष से ऊपर के पेंशनर्स का शॉल एवं श्रीफल से सम्मान किया। श्री बनर्जी ने पेंशनर संघ की गतिविधियों को सराहा और सलाह दी के उम्र के इस पड़ाव पर किसी भी तरह की संदिग्ध मैसेज, ओटीपी, एसएमएस आदि से बचे। कार्यक्रम को अन्य वक्ताओं ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर आश्रम की संचालिका अरुणा छारी ने भी पेंशनर को संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन राजीव सक्सेना द्वारा किया गया। इस अवसर पर रामचरण वर्मा, लक्ष्मी नारायण हर्साना, प्रमिला सेंगर, एसपीएस तोमर, श्री गौड़, श्री दुबे, रमेश चंद्र वर्मा, आदि का भी शॉल श्रीफल से सम्मान किया गया।

# सुप्रीम कोर्ट का फैसला अप्रत्याशित, पुनर्विचार की मांग करेगी माकपाः जसविन्दर



**मुरैना।** पंचायत चुनावों में ओबीसी आरक्षण समाप्त करने, अन्य पिछडे समुदायों के लिए निर्धारित और आरक्षित पदों पर चुनाव रोकने, उनकी बहुसंख्या को सामान्य सीटों में परिवर्तित करने का निर्देश देने वाले सुप्रीम कोर्ट के फैसले को मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी अप्रत्याशित और अयाचित मानती है। यह वक्तव्य माकपा के राज्य सचिव जसविंदर सिंह ने जारी प्रेसनोट के माध्यम से दिए हैं। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने जिस याचिका पर यह निर्णय सुनाया है, उसमं इस तरह की न तो मांग ही की गयी थी, ना ही यह वाद का विषय था। यह हैरानी की बात है कि सर्वोच्च अदालत ने इसके बावजूद यह आदेश जारी कर दिया। सीपीएम राज्य सचिव जसविंदर सिंह के अनुसार मनुवादी सोच पर चलने वाली मध्यप्रदेश की भाजपा सरकार की तरफ से भी जानबूझकर इस मामले में अदालत के समक्ष सही तरीके से पक्ष नहीं रखा गया। इस नतीजे के दूरगामी असर हो सकते हैं। जनता के वंचित और पिछडे हिस्से की बडी आबादी अपने जायज, संविधान सम्मत, लोकतांत्रिक अधिकार से वंचित हो जाएगी। उन्होंने कहा कि माकपा 23 दिसंबर को प्रदेश भर में ओबीसी आरक्षण समाप्ति का विरोध करेगी और जिला प्रशासन के माध्यम से सर्वोच्च न्यायालय को आवेदन भेजकर इसे तुरंत स्थगित करने का आग्रह करेगी।

## सोनू परमार भाजयुमो के जिलाध्यक्ष बने

**मुरैना।** भारतीय जनता युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष बैभव पवार ने केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर की अनुशंसा एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वी डी शर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ योगेशपाल गुप्ता की सहमति से सोनू परमार को भारतीय जनता युवा मोर्चा मुरैना जिले का अध्यक्ष घोषित किया है। श्री परमार एक दशक से ज्यादा समय से सक्रिय राजनीति में हैं। वह अपने राजनेतिक जीवन में ऋषिगालव महाविद्यालय जिला मुरैना छात्र संघ के निर्विरोध अध्यक्ष, बजरंग दल के संयोजक, दो बार भाजयुमो के महामंत्री एवं भाजपा में जिला मंत्री के महत्वपूर्ण पदों पर रहे हैं। सोनू परमार के जिलाध्यक्ष बनने के बाद भाजपा नेता एवं कार्यकर्ताओं ने उनको बधाई दी है एवं उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए बरिष्ठ नेतृत्व का आभार व्यक्त किया है।

# जरूरतमंदों के लिए कुछ करें खुशी मिलती हैः नेहा श्रीवास्तव

### एनएसएस वॉलंटियर्स ने जरूरतमंदों को बांटे गर्म वस्त्र

**अम्बाह।** जीवन में देने का भाव हमेशा रखना चाहिए। जब हम जरूरतमदों के लिए कुछ करते हैं, तब उन्हें तो खुशी मिलती ही है, हमें भी आंतरिक आनंद की अनुभूति होती है। यह बात राष्ट्रीय सेवा योजना पीजी कॉलेज की प्रोग्राम ऑफिसर नेहा श्रीवास्तव ने जरूरतमन्दों को बस्त्र वितरण के बाद अपने वॉलंटियर्स से कही।

पीजी कॉलेज अम्बाह की रासेयो इकाइयों के स्वयंसेवकों के द्वारा भरतपुरा गांव के नजदीक ईंट भट्टा पर



काम करने वाले मजदूरों के परिजनों को गर्म वस्त्रों का वितरण किया गया। कार्यक्रम अधिकारी नेहा श्रीवास्तव, रक्षा कम्ठान व पंकज भदौरिया के नेतृत्व में महाविद्यालय के स्वयंसवेकों द्वारा अपने अपने घर से उन कपडों को मंगवाया गया जो अब उनकी जरूरत के नहीं थे। वॉलंटियर्स अपने अपने घर से थैले भर भर कर लाये और उत्साह पूर्वक महाविद्यालय से दो किलोमीटर पैदल चलकर ईंट भट्टे पर पहुँचें। वहाँ पहुँचकर लगभग पचास बच्चों को वॉलंटियर्स द्वारा वस्त्र दिए गए। कुछ बच्चे वहीं पहन कर उत्साह से उछलने लगे। बच्चों के चेहरे पर खुशी की चमक देख वोल्टियर्स ने उन्हें आश्वासन दिया कि हम कुछ दिन बाद फिर आपके लिए कपडे लेकर आएंगे और उनके साथ सेल्फी भी ली। इस अवसर पर अंकिता तोमर, अंजलि तोमर, साक्षी चौहान, खुशी, शिखा, धीरेन्द्र तोमर, मयंक, दिवाकर मौजूद रहे।

# राठौर समाज चुनाव समिति की बैठक संपन्न



**मुरैना।** जिला स्तरीय राठौर समाज के होने वाले चुनाव को लेकर चुनाव समिति की बैठक बरिष्ठ समाज सेवीयों के मार्गदर्शन में संपन्न हुई, जिसकी अध्यक्षता राठौर समाज जन कल्याणकारी समिति के अध्यक्ष रामजी लाल राठौर के द्वारा की गई। समिति की ओर से कमलेश राठौर ने होने वाले चुनाव की सदस्यता के लिये आगामी कार्य योजना हेतु विचार विमर्श करने का प्रस्ताव रखा, जिसमें उपस्थित राठौर जनों ने अपने अपने सुझाव दिए।

बैठक को संबोधित करते हुए खबरौली निवासी राजेश राठौर ने कहा कि समाज के विकास के लिये लोकतांत्रिक प्रक्रिया से चुनाव सम्पन्न होने चाहिए, जिसमें प्रत्येक परिवार के व्यक्ति मतदान कर सके। इसलिए राठौर समाज चुनाव की मतदाता सूची तैयार करने हेतु सदस्यता अभियान तहसील स्तर पर शुरू होना चाहिए। बैठक में सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया कि दिसम्बर माह के अंतिम सप्ताह में सदस्यता के लिये तहसील स्तर पर समिति गठित कर सदस्यता फार्म भरना चालू करवा दिये जायेंगे। इस अवसर पर बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित रहे दिलीप राठौर, रामधन राठौर, संजीव राठौर, कोमेश राठौर, ब्रजमोहन राठौर, राजेश राठौर शिक्षक, रामगोविंद राठौर, रामवीर राठौर, मुन्नालाल राठौर, अजमेर राठौर, सुरेश राठौर सहित कई राठौर समाज बंधु उपस्थित रहे।

# मुरैना की गुगल को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाने के लिए किया सम्मान



**मुरैना।** लोकल को ग्लोबल तक ले जाने और विश्व बाज़ार से परिचय, पहुँच और पहचान करने के लिये जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्व विद्यालय ने एक राष्ट्रीय संवाद कराया। यह महत्वपूर्ण कार्यक्रम मध्यप्रदेश के किसानो को ई-पोर्टर बनने के लिए मार्ग प्रशस्त करना था। एपीईडीए नई दिल्ली के महाप्रबंधक विनोद विद्यार्थी मुख्य अतिथि रहें और कार्यक्रम की अध्यक्षता जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्व विद्यालय के प्रोफेसर प्रदीप बिसेन ने की।

कृषक और उद्यमी कि उपस्थिति में मुरैना जिले के सुजागृति समाजसेवी संस्था के अध्यक्ष जाकिर हुसैन को गुग्गल पौध संरक्षण और संवर्धन तथा गूगल नर्सरियां तैयार कराने व गूगल का विनाशहीन विदोहन हितग्राही किसानों को समझाने तथा गूगल को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाने के लिए यह सम्मान मिला है। इस अवसर पर सभा को संबोधित करते हुए श्री हुसैन ने कहा 35 हजार हेक्टेयर जमीन जहां बीहड़ है, बेकार पड़ी है, उसमें प्रभु प्रदत्त विश्व का सबसे गुणकारी गूगल का पौधा, जिसके लिए यहां की मिट्टी व मौसम सबसे उपयुक्त मुफीद है। वह यही सबसे अच्छा फलता फूलता है। यह इस बेकार पड़ी भूमि में लगा दिया जाए, तो गरीब किसानों की आजीविका का साधन बनेगी साथ ही बीहड़ हरे भरे होंगे। उन्होंने कहा कि नोसौ कंपनी कि जो मांग है, वह पूरी होगी। अरबों, खरबों रुपए जो सिंध पाकिस्तान से हमें गूगल आयात करना पड़ता है। वह नहीं करना पड़ेगा, यह विचार व्यक्त किये और एहसान अली को गुग्गुल उद्योग के लिये किए जा रहे। उल्लेखनीय कार्य की प्रशंसा करते हुए प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया।

## जिला पंचायत अध्यक्ष के आरक्षण की कार्यवाही स्थगित

**मुरैना।** म.प्र. पंचायत राज निर्वाचन के अंतर्गत राज्य शासन द्वारा जिला पंचायत के अध्यक्ष के पदों के आरक्षण की कार्यवाही अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर दी गई है। मध्यप्रदेश पंचायत राज एवं ग्राम स्वराज अधिनियम 1993 की धारा 32 एवं मध्यप्रदेश पंचायत निर्वाचन नियम 1995 के अनुसार जिला पंचायत अध्यक्ष के पद के लिये अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़े वर्ग तथा सभी वर्गों की महिलाओं के आरक्षण की कार्यवाही 18 दिसम्बर शनिवार को दोपहर 12 बजे से जल एवं भूमि प्रबंध संस्थान (वाल्मी) भोपाल के ऑडिटोरियम में की जानी थी, जिसे स्थगित कर दिया गया है। इस संबंध में आगामी तिथि की सूचना पृथक से दी जायेगी।

## लापरवाही पड़ेगी महंगी

बेहद तेज गति से फैलने वाले नये कोरोना वायरस ओमिक्रॉन के दक्षिण अफ्रीका में मिलने के बाद इसका दुनिया के 63 देशों में पहुंचना चिंता का विषय है। निस्संदेह, इस बाबत किसी भी तरह की लापरवाही समस्या के जटिल होने का कारण बन सकती है। देखते ही देखते देश के छह राज्यों व दो केंद्रशासित प्रदेशों में इसके वायरस की दस्तक चिंता बढ़ाने वाली है। यह ठीक है कि देश में वयस्क आबादी के पचास फीसदी से अधिक लोगों को दोनों डोज़ लग चुकी हैं, लेकिन चिंता की बात है कि देश में कुछ वयस्कों के अलावा किशोरों व बच्चों का टीकाकरण अभी शुरू नहीं हुआ है। ऐसे में विशेषज्ञ जहां बच्चों को वैक्सीन लगाने की जरूरत बता रहे हैं, वहीं दोनों टीके लगा चुके लोगों को भी बूस्टर डोज देने की बात कह रहे हैं। विकसित देशों के अध्ययन बता रहे हैं कि जिन लोगों को दो डोज़ वाली वैक्सीन के अलावा अन्य वैक्सीन दी गई, उनकी इम्यूनिटी में ज्यादा वृद्धि हुई है। ऐसे में हमारी कोवैक्सीन मददगार हो सकती है। हालांकि, अभी नये वेरिएंट को लेकर प्रामाणिक अध्ययन आने बाकी हैं, लेकिन इस वायरस के कोरोना संक्रमण और टीकाकरण से हासिल रोग प्रतिरोधकता को बेधने के संकेत हैं, जो चिंता की बात है। लेकिन वैज्ञानिक भरोसा दे रहे हैं कि टीका लगा चुके लोगों को संक्रमण गंभीर असर नहीं करता है और शुरुआती लक्षणों के बाद जल्दी ठीक होने की संभावना होती है। वायरस की संक्रमण दर तेज होने के बावजूद इससे गंभीर रूप से बीमार पड़ने तथा मरने के आंकड़े कम हैं। बहरहाल, दूसरी लहर के वक्त देश ने संसाधनों के संकट व चिकित्सा तंत्र की नाकामी का जो हाल देखा, उसके चलते सरकार व समाज को सतर्क रहना जरूरी है। ऐसे में महाराष्ट्र, राजस्थान, आंध्र प्रदेश, केरल, कर्नाटक और चंडीगढ़ में इसके मामले प्रकाश में आने के बाद टेस्टिंग, ट्रैकिंग और ट्रीटमेंट की रणनीति को कारगर बनाने की जरूरत है। निस्संदेह वायरस अमेरिका व ब्रिटेन आदि देशों में जिस तेजी से पैर पसार रहा है, उसके चलते सरकारों के सामने नया संकट खड़ा हो गया है। कुछ यूरोपीय देशों में लॉकडाउन लगाने की घोषणा हुई है। वहीं वैक्सीन से हासिल सुरक्षा कवच को भेदने की आशंका से वायरस को लेकर सरकारों के हाथ-पैर फूले हुए हैं। खासकर टीकाकरण के दायरे से बाहर रहने वाले तबके को लेकर ज्यादा फिक्र है। आशंका है कि उनके लिये नये वायरस के संक्रमण से पिछली लहर जैसे घातक परिणाम सामने आ सकते हैं। दक्षिण अफ्रीका में ओमिक्रॉन से बच्चों के बड़ी संख्या में संक्रमित होने से सरकारें व अभिभावक चिंतित हैं, भारत जैसे सघन जनसंख्या घनत्व वाले देश में वायरस की चुनौती ज्यादा बड़ी है। तभी विशेषज्ञ शीघ्र बूस्टर डोज की वकालत कर रहे हैं। जरूरत जनवरी से जारी टीकाकरण अभियान में तेजी लाने की भी है। फिलहाल देश में अन्य वायरस से संक्रमित रोगियों की स्थिति आठ हजार के आसपास है, लेकिन मरने वालों का क्रम भी जारी है। देश में साढ़े तीन करोड़ लोगों के संक्रमित होने और तीन करोड़ चालीस लाख से अधिक का ठीक होना बताता है कि हम इसका मुकाबला मजबूती से कर सकते हैं। लेकिन ध्यान रहे कि हमने सरकारी आंकड़ों के मुताबिक दोनों लहरों में करीब पौने पांच लाख लोगों को खोया भी है। फिलहाल देश में जो भी ओमिक्रॉन के मामले सामने आये हैं, वे अधिकांश विदेशों से आये लोगों में ही पाये गये हैं। सरकारें सुनिश्चित करें कि वे संक्रमण विस्तारक न बन पायें। हमारी चिंता सर्दी के मौसम में इसके विस्तार की अनुकूलता को लेकर भी होनी चाहिए क्योंकि इस मौसम में वायरस का फैलना स्वाभाविक है। हमें बचाव के उन तीन उपायों को ही अपनाना होगा।

# क्या कृषि कानून वापसी ही काफी है?

**गुरबचन जगत**

पांच नदियों वाले पंजाब ने सदियों तक उथल-पुथल झेली है अधिकांश आक्रांता यहीं से आए-गए। यहां के लोगों ने बहुत सहा है, फिर भी तरक्कीयाफ्ता रहे। आक्रमणकारियों से गुर सीखकर, वक्त पर उन्हें काबू किया। यह धरती नानक की है, जिनके दर्शन ने इस धरा व लोगों की आत्मा को स्वरूप दिया। अनेकानेक भ्रमणों के बाद, गुरु नानक ने जिंदगी के आखिरी 17 साल अपने खेत जोतते हुए बिताए। आज समाज के अन्य वर्गों में, शायद यह देहाती ही हैं, जो गुरुजी के सिद्धांतों के सबसे अच्छे पहरूआ हैं।

'लंगर' और 'सेवा' के माध्यम से उन्होंने आस्था का प्रकटीकरण अनगिनत बार किया, जब कभी गंभीर हालात बने, लोग निःस्वार्थ होकर इस कार्य में जुटते और सदा आगे रहे हैं। यह ग्रामीण तबका, जो नानक के 'नाम जपो-कीरत करो-वंड छको' वाले सिद्धांत में ढला है, वह देश की हरित क्रांति और खाद्यान्न आत्मनिर्भरता का धुरा बना। देश की सीमाओं के अडिग पहरेदार भी इन्हीं की संतानें हैं, इसीलिए हमारी सेना की अधिकांश रेजीमेंटों में सबसे ज्यादा संख्या इसी देहात से है। चूंकि ये धरतीपुत्र, कठोर हालात से सख्त जान बने, किंतु सहृदय हैं, जैसा कि नानक एवं भक्ति लहर के अन्य सूफियों कबीर, फरीद और बुल्ले आदि के दर्शन ने उन्हें होना सिखाया है। किसान आंदोलन के किसी भी चरण पर वे हिंसक नहीं हुए हैं, भले ही अपनी सरकार ने उन पर आतंकवादी होने का ठप्पा लगाया है। सेना की सिख-जाट-पंजाब रेजीमेंट और अन्य बहुत से सैन्य बलों में अधिकतर फौजी गांवों से हैं। रंज है जब लखीमपुर खीरी कांड हुआ, तो मीडिया कश्मीर में शहीद हुए सैनिकों और लखीमपुर में मारे गये किसानों की तुलना करके इसे विंडबना के तौर पर दर्शाने लगा।

कोई साढ़े पांच सौ साल पहले बाबर ने भारत पर चढ़ाई की (उत्तर-पश्चिमी दिशा से) और लोगों पर अकथनीय जुल्म ढहाए। सैदपुर (वर्तमान गुजरांवाला के पास अमीनाबाद) को मटियामेट कर वहां नरसंहार मचाया। यह गुरु नानक ही थे, जिन्होंने उसके खिलाफ आवाज़ उठाई, जिसका जिक्र उन्होंने 'बाबर वाणी' में किया है। नतीजतन उन्हें जेल में डाला गया, बाद में रिहा किया गया। लेकिन जुल्म के शांतिपूर्ण विरोध का बिगुल बज चुका था, जैसा कि आगे चलकर गुरु अर्जुन देव और गुरु तेग बहादुर की शहादतों में दिखा। ये गुरु नानक के सिद्धांत हैं, एकदम सरल, किंतु अत्यंत प्रभावशाली, जिन्होंने इस धरा के लोगों को जगाया, जिससे प्रेरित होकर शायर इकबाल ने अपने कलाम में कहा :'फिर उठी सदा तौहीद की पंजाब से/ हिंद को एक मर्द-ए-कामिल ने जगाया ख्वाब से।'

इसी परंपरा में पंजाब, हरियाणा और उत्तर प्रदेश और अन्य प्रांतों के किसानों का आंदोलन चल रहा है, इतना लंबा खिंचने पर भी कुल मिलाकर यह शांतिपूर्ण और उद्देश्य पर केंद्रित रहा है। आंदोलनकारियों में भांति-भांति के लोगों की शिरकत के बावजूद न्याय और व्यवस्था नहीं टूटी, सिवाय भड़काऊ एजेंटों की करतूतों से उत्पन्न इक्का-दुक्का प्रसंगों के। आंदोलनरत किसानों ने परिवार सरीखी एकजुटता दिखाई , जिसके चलते यह सफल रहा है। धरने पर बैठने वालों को रोजमर्रा की जरूरी चीजों का इंतजाम करना बहुत बड़ा काम है। मसलन, भोजन, रिहायश, कपड़े, परिवहन, पानी, सफाई समस्याएं इत्यादि। हजारों लोगों के लिए इनका प्रबंध करना होता है। इस बारे में नेतृत्व बहुत बढ़िया रहा है और खुद मौजूद रहता है, जिसमें सभी किसान यूनियनों के नेता शामिल रहे। नेतृत्व विभिन्न सार्वजनिक मंचों से किसानों को जानकारी देता रहा, उसने पर्दे के पीछे सौदेबाज़ी नहीं की। निर्णय पर पहुंचने से पहले भरोसा हासिल किया।

हमें जो मूल्य सिखाए गए हैं, जन्म से सभी मनुष्य बराबर हैं, महिला-पुरुष के अधिकार समान हैं, और रूढ़ियों का त्याग करें। फिर 'संगत और पंगत' वाला महत्वपूर्ण सिद्धांत भी है, यानी सब एकसाथ बैठकर, बिना किसी भेदभाव, सामूहिक भोज ग्रहण करें। यहीं सिद्धांत आंदोलन चलाने का मंत्र है। सब लोग मिल-जुलकर रह रहे हैं, इकट्ठा खाते हैं, लंगर, मंच और चिकित्सालय प्रबंधन इत्यादि संभालने में महिलाएं बराबर की भूमिका में हैं। आंदोलन शुरू हुए एक साल बीत चुका है, सरकार को लगा कि गुरु पर्व के अवसर पर प्रधानमंत्री द्वारा तीनों कृषि बिल वापस लेने की घोषणा करवाना सही रहेगा। साथ ही स्वीकारोक्ति आई कि सरकार किसानों के कुछ वर्ग को कृषि बिलों की महत्ता सही ढंग से नहीं समझा पाई। लेकिन प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में किसानों की अन्य मांगें यानी न्यूनतम समर्थन मूल्य, आंदोलनकारियों पर दर्ज केसों की वापसी, आंदोलन के दौरान मरे किसानों को मुआवज़ा, लखीमपुर कांड में न्याय इत्यादि के बारे में एक शब्द नहीं कहा। तथ्य है कि दिल्ली की सीमाओं पर धरने पर बैठे या दिल्ली आने-जाने के दौरान 700 से ज्यादा किसानों की मौत हो चुकी है, फिर भी उसका जिक्र तक नहीं आया। सच तो यह है कि केंद्रीय गृह राज्यमंत्री, जिसकी गाड़ी से किसानों को लखीमपुर में कुचला गया है, उसके आधार पर पूछताछ करना और बयान करवाने बनते थे, क्योंकि वाहन आपराधिक वारदात को अंजाम देने का एक हिस्सा है। किसानों की मांग पर वापस आते हैं, मैं इस क्षेत्र के जाने-माने खाद्य एवं कृषि विशेषज्ञ देविंदर शर्मा के 'द ट्रिब्यून' में 22 नवम्बर को छपे एक लेख का अंश उद्धृत करना चाहूंगा 'प्रस्तावित मंडी सुधार अमेरिका, कनाडा से लेकर चिली और फिलीपींस तक के देशों में असफल हो चुके हैं, देश या महाद्वीप कोई भी हो। उक्त मंडी व्यवस्था ने पहले से मौजूद कृषि संत्रासों में इजाफा ही किया है। अमेरिका, कनाडा और अन्य जगहों पर अपनाई उक्त मंडी व्यवस्था ने कृषकों को या तो कर्जाई किया या फिर खेती से बाहर धकेलने का कारक बनी, तिस पर नए तरीकों से कृषि को ग्रीन हाउस गैस उत्सर्जन का मुख्य कारक बना डाला है। यह विश्वास करना कि वही मंडी व्यवस्था भारत में चमत्कार कर दिखाएगी, एक भ्रम है... वर्ष 2018 में अमेरिकी कृषि विभाग ने हिसाब लगाया था कि कृषि उत्पाद खरीदने को उपभोक्ता द्वारा चुकाए गए प्रत्येक डॉलर में किसान तक पहुंचने वाला हिस्सा गिरकर महज 8 सेंट तक जा पहुंचा है, लिहाजा लगातार उनका वजूद लुप्त होने की तरफ निरंतर अग्रसर है।' देख-परख किया गया विश्लेषण किसी किसान नेता या उनके हमदर्द का न होकर उस विशेषज्ञ का है, जिनका इस विषय वस्तु पर ज्ञान पिछले कुछ दशकों से मान्य है। वैसे भी, किसानों को नए कृषि कानूनों से डर यह है कि कृषि पर सरकार के 'मित्र-कॉर्पोरेट्स' का कब्जा बन जाएगा। जमींदारी व्यवस्था खत्म करने का मकसद खेती पर हावी कुछ सामंती जमींदारों के वर्चस्व को तोड़ना था। उक्त कृषि कानूनों ने भय बनाया कि कहीं किसान फिर से भू-स्वामी से भूमिहीन मजदूर न बन जाए, जो कि घड़ी की सुइयां फिर से पीछे ले जाने जैसा है। जिस तरह की हालत अर्थव्यवस्था की है, करोड़ों की संख्या में किसान बेरोजगारों में शामिल हो जाते, जिससे आगे नशेड़ियों व अपराध की तादाद बढ़ती।

लेकिन क्या सिर्फ कानून वापसी काफी है? किसान यूनियनों से सलाह कर एक ऐसा तंत्र सुनिश्चित किया जाए, जिससे काश्तकार को अपनी उपज कुछ मानकों के आधार पर तय की गई कीमत से कम पर न बेचनी पड़े। यदि कृषक को प्रकृति और मंडी शक्ति की दया पर छोड़ा गया तो उसे संकटों का सामना करना पड़ेगा। चूंकि उसकी उपज जल्द खराब होने वाली जिंस है, इसलिए खरीदारी जल्द से जल्द होने की जरूरत है। उसके उत्पाद बारिश, आंधी-ओले, सूखा, तापमान, प्रदूषण इत्यादि से भी खराब होते हैं। आज मौसम में अप्रत्याशित बदलाव वाले दौर में ये कारक पहले से नाजुक बनी खेती में और जटिलता जोड़ रहे हैं। विकसित देशों को इसका पता है और वे सब्सिडी देकर अपने कृषकों को आर्थिक रूप से सुरक्षित करते हैं, क्योंकि उन्हें पता है कि यह किसान द्वारा पैदा किया अन्न है जिस पर मानवता जिंदा और पल-बढ़ सकेगी। यह फसल की गुणवत्ता और मात्रा है जो मोटे तौर पर विकसित और गरीब देशों के बीच का फर्क बता देती है। इसके अलावा कृषि क्षेत्र करोड़ों लोगों को रोजगार देता है, वरना उन्हें शहरों में छोटे-मोटे काम कर मलिन बस्तियों में सड़ने को मजबूर होना पड़ेगा। भारत में विविध किस्में उगाने वाले किसानों को संरक्षण मिले।

## ईमानदारी सर्वोत्तम

एक राजा ने अपने उत्तराधिकारी के चुनाव के लिए राज्य के सभी नौजवानों को एक-एक बीज दिया और कहा, इसे गमले में लगाकर सींचना और एक वर्ष के पश्चात मेरे पास लेकर आना। जिसका पौधा सबसे अच्छा होगा, उसे राजा घोषित किया जाएगा। सब बीज लेकर खुशी-खुशी लौटे। पांच-छह दिन गुजर जाने पर भी जब बीज अंकुरित नहीं हुआ, तो सबने उसी प्रकार का बीज नर्सरी से खरीदकर अपने-अपने गमले में लगा दिया और सींचने लगे। इन सबमें केवल भोलू नाम का नौजवान ही ?सा था, जिसने दूसरा बीज खरीदने का दुस्साहस नहीं किया। कुछ दिनों के पश्चात सभी युवा अपने-अपने हरे-भरे गमले के साथ राजा के सम्मुख पेश हुए, केवल भोलू ही खाली गमले के साथ कोने में नजरें चुराए खड़ा था। राजा ने उसे पास बुलाया और घोषणा कर दी कि भोलू ही मेरा उत्तराधिकारी है। जब जनता ने उसके खाली गमले को प्रश्नवाचक नजरों से देखा, तो राजा ने सभी के समक्ष यह भेद खोला कि मैंने उबले हुए बीज सभी को दिए थे। भोलू ने उसी उबले बीज को सींचा, जबकि शेष सभी ने राजा बनने के लिए बीज बदल लिए। ये बड़े-बड़े पौधे बेईमानी की कहानी कह रहे हैं। सत्य तो यही है कि बीज तो अंकुरित होना ही नहीं था, बावजूद इसके भोलू हिम्मत व ईमानदारी से अपना खाली गमला ही मेरे पास लेकर आया। इसलिए अगला राजा भोलू ही होगा। यदि हम बुद्धि रूपी जमीन पर ईमानदारी का बीजारोपण कर उसे सींचेंगे, तो निसंदेह उस पर विश्वास रूपी मीठे फल निकलेंगे।

## सेना को होगी आसानी

**सिद्धार्थ शंकर**

केंद्र सरकार की महात्वाकांक्षी चारधाम परियोजना को सुप्रीम कोर्ट ने अनुमति दे दी है। सुप्रीम कोर्ट ने ऑल वेदर राजमार्ग परियोजना में सड़क की चौड़ाई बढ़ाने और डबल लेन हाइवे बनाने के लिए केंद्र को हरी झंडी दिखा दी है। यह अनुमति मिलने के बाद चारधाम परियोजना के तहत भारत की चीन तक पहुंच और आसान हो जाएगी और किसी भी मौसम में भारतीय सेना चीन से सटी सीमाओं पर पहुंच सकेगी। कोर्ट ने मामले की सुनवाई करते हुए कहा कि हाईवे निर्माण के लिए सड़क की चौड़ाई बढ़ाने में रक्षा मंत्रालय की कोई दुर्भावना नहीं है। अदालत सशस्त्र बलों की ढांचागत जरूरतों का अनुमान नहीं लगा सकती है। सुरक्षा चिंताओं को देखते हुए न्यायमूर्ति डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने सड़कों को डबल लेन तक चौड़ा करने की अनुमति के साथ ही परियोजना पर सीधे रिपोर्ट करने के लिए पूर्व न्यायमूर्ति एके सीकरी की अध्यक्षता में एक निरीक्षण समिति का गठन भी किया है। कोर्ट ने रक्षाा मंत्रालय, सड़क परिवहन मंत्रालय, उत्तराखंड सरकार व सभी जिलाधिकारियों को आदेश दिया है कि वह निगरानी समिति को पूरा सहयोग करेंगे। केंद्र सरकार की चारधाम परियोजना का उद्देश्य यमुनोत्री, गंगोत्री, केदारनाथ, बद्रीनाथ को हर मौसम में कनेक्टिविटी प्रदान करना है। 900 किलोमीटर लंबी इस परियोजना की लागत 12 हजार करोड़ रुपए अनुमानित है। केंद्र सरकार ने अपनी याचिका पर सुनवाई के दौरान कोर्ट को बताया कि भारत-चीन वास्तवित नियंत्रण रेखा की ओर से जाने वाली सीमा सड़कों के लिए यह फीडर सड़कें हैं। केंद्र सरकार परियोजना के तहत सड़कों की चौड़ाई 10 मीटर तक करना चाहती है। इसके लिए केंद्र की ओर से सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की गई थी, जिसके तहत कोर्ट से मांग की गई थी कि वह आठ सितंबर, 2020 को दिए अपने आदेश में संशोधन करे। इस आदेश के तहत सड़कों की चौड़ाई 5.5 मीटर तक सीमित करने का आदेश दिया गया था। चारधाम परियोजना में सड़क की चौड़ाई को लेकर लंबे समय से बहस छिड़ी हुई थी। पर्यावरण और विकास इन दोनों के बीच टकराव हमेशा से देखने को मिला। विकास संबंधी जरूरतों के लिए सरकारों के अपने तर्क थे और पर्यावरणविद धरती के बढ़ते तापमान और आपदाओं को लेकर चिंतित थे। चारधाम परियोजना का नाम पहले ऑल वेदर रोड प्रोजेक्ट था जिसे बदलकर चारधाम परियोजना कर दिया गया। इसकी शुरुआत साल 2016 में सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने की थी, इसके तहत दो सुरंगें, 15 पुल, 25 बड़े पुल, 18 यात्री सेवा केंद्र और 13 बायपास आदि बनाए जाने हैं। इसी के तहत पीएम नरेंद्र मोदी ने देहरादून के परेड ग्राउंड में दिसंबर 2016 में चारधाम महामार्ग परियोजना की नींव रखी थी। 899 किलोमीटर के इस हाइवे प्रोजेक्ट से पूरे उत्तराखंड में सड़कों का जाल विकसित होगा। चीन के साथ बढ़ते तनाव के बीच यह सामरिक दृष्टि से भी महत्वपूर्ण परियोजना है। इस परियोजना के तहत कुल 53 परियोजनाओं पर काम होना है। साल 2018 में एक गैर सरकारी संस्था ने सड़क चौड़ीकरण की इस परियोजना को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी। एनजीओ का कहना था कि सड़क चौड़ीकरण के लिए जो पेड़ काटे जाएंगे, पहाड़ों में विस्फोट होगा और मलबा फेंका जाएगा उससे हिमालय की पारिस्थितिकी को नुकसान पहुंचेगा इससे भूस्खलन, बाढ़ का खतरा बढ़ जाएगा और वन्य व जलीय जीवों को नुकसान पहुंचेगा। परियोजना के पर्यावरण पर संभावित प्रभावों की जांच के लिए सुप्रीम कोर्ट ने अगस्त 2018 में पर्यावरणविद रवि चोपड़ा के नेतृत्व में एक उच्चाधिकार प्राप्त समिति (हाई पावर कमेटी- एचपीसी) का गठन किया था। एचपीसी ने जुलाई 2020 में जांच के बाद दो रिपोर्ट सौंपी थीं। समिति के सदस्यों के बीच सड़क की चौड़ाई को लेकर सहमति ना बन पाने के कारण दो रिपोर्ट दी गई थीं। सितंबर 2020 में सुप्रीम कोर्ट ने कम सदस्यों वाली रिपोर्ट में दी गई सिफारिशों को लागू करते हुए सड़क 5.5 मीटर चौड़ी करने की अनुमति दी थी। इस रिपोर्ट के सदस्यों में रवि चोपड़ा भी शामिल थे। ये सिफारिश पर्वतीय राजमार्गों के लिए सड़क, परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के मार्च 2018 के दिशानिर्देशों के आधार पर थी। हालांकि, दिसंबर 2020 में मंत्रालय ने इन दिशानिर्देशों में बदलाव कर दिया।

## बदलाव की बयार के लिए बेबाक पहल हो

### सूडोकु नवताल- 5927

***** कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 2 | | | | | 4 |
| | | | 6 | | | | | 1 |
| | 5 | | 8 | | | 2 | | 3 |
| | | 7 | | | | | 6 | |
| | | | | | | | | |
| | 3 | | | | | 8 | | |
| 1 | | 6 | | | 3 | | 7 | |
| 2 | | | | | 5 | | | |
| 8 | | | | | 4 | | | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल -5926 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 5 | 4 | 3 | 1 | 9 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 2 | 3 | 5 | 8 | 4 | 9 | 6 | 1 |
| 8 | 9 | 1 | 7 | 2 | 6 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 3 | 2 | 5 | 9 | 4 |
| 4 | 3 | 8 | 9 | 6 | 5 | 1 | 7 | 6 |
| 5 | 6 | 9 | 4 | 7 | 1 | 8 | 3 | 2 |
| 2 | 8 | 7 | 1 | 4 | 3 | 6 | 5 | 9 |
| 9 | 1 | 6 | 2 | 5 | 7 | 4 | 8 | 3 |
| 3 | 4 | 5 | 6 | 9 | 8 | 2 | 1 | 7 |

**दीपिका अरोड़ा**

हाल ही में, दहेज प्रथा के विरुद्ध युवा-जागरूकता के कुछ सराहनीय उदाहरण प्रकाश में आए। प्रथम प्रकरण में क्रेटा गाड़ी की मांग पूर्ण न होने से रुष्ट भावी दूल्हा नियत तिथि पर बारात लेकर न पहुंचा तो हरियाणा में महेंद्रगढ़ जिले के ग्राम आकोदा निवासी नवयुवती ने साहसिक पहल दिखाते हुए, उसके विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज करवा दी।

दूसरा मामला पंजाब में, जालंधर के कोहालां गांव से संबद्ध है, जहां अंगूठियों के लेन-देन संबंधी विवाद से आहत दुल्हन ने दहेज लोभियों के साथ विदा होने से इनकार करते हुए, आरोपितों के विरुद्ध बयान दर्ज करवाए। रोहतक के गांव निंदाना में एक किसान के बेटे ने पारिवारिक सदस्यों की मौजूदगी में, बिना दहेज विवाह करके समाज में आदर्श स्थापित किया। दुल्हन की विदाई भी दूल्हे की बाइक पर हुई।

इससे पूर्व भी विभिन्न क्षेत्रों से दहेज के विरुद्ध बिगुल फूंकने संबंधी कुछ समाचार आते रहे हैं। निश्चय ही ये सामाजिक बदलाव के मद्देनजर सुखद संदेश हैं, किंतु दहेज-प्रथा की वर्तमान स्थिति का आकलन किया जाए तो यह एक गंभीर समस्या बनकर समाज की जड़ों में गहरी पैठ बना चुकी है।

दरअसल, दहेज एक जबरन थोपी गई प्रथा है, जिसका हमारे ग्रंथों में कोई उल्लेख नहीं मिलता। चिंता का विषय है, बेटी की विदाई पर आशीर्वाद स्वरूप उपहार भेंट करने की पावन परम्परा आज विद्रूपता के चरम पर है। वर-पक्ष दहेज मांगना अपना अधिकार समझता है, तो वधू-पक्ष के लिए यह समस्या बन गई है।

धनाढ्य वर्ग द्वारा दहेज के रूप में किया गया संपन्नता प्रदर्शन, मध्यवर्गीय परिवारों के लिए विवशता के विष बीज बोकर उन्हें कर्जदार तक बना डालता है। मांग पूरी न होने पर वधू का मानसिक व शारीरिक उत्पीड़न इसका सर्वाधिक भर्त्सनायोग्य पहलू है। भ्रूण हत्या जैसे अमानवीय कृत्य में दहेज-प्रबंधन समस्या एक मुख्य कारण रही है।

एनसीआरबी के आंकड़े बताते हैं कि भारत में लगभग हर घंटे एक दहेज उत्पीड़ित महिला मृत्यु को प्राप्त होती है। वर्ष 2017 से 2019 के आंकड़ों के तहत दर्ज मामलों में प्रतिवर्ष बढ़ोतरी देखी गई, जो कि वर्ष 2017 में 10189, 2018 में 12826 और 2019 में 13297 रही। दहेज का यह दावानल 2017 में 7466, 2018 में 7167 तथा 2019 में 7115 बेटियों का जीवन निगल गया। दहेज निरोधक कानून-1961' के अनुसार दहेज लेना-देना, दोनों अपराध हैं। पीड़ित महिला 181 हेल्पलाइन नम्बर पर, पुलिस स्टेशन जाकर अथवा कोर्ट में केस दर्ज करवा सकती है। महिला अधिकारों से जुड़ी गैर-सरकारी संस्थाएं भी केस दर्ज करवाने का अधिकार रखती हैं, जिला अधिकारी ऐसे मामलों का संज्ञान स्वयंमेव ले सकते हैं। 498-ए के तहत आरोप सिद्ध होने पर देय जुर्माने सहित 3 से 5 वर्ष की सजा का प्रावधान है। दहेज निषेध नियमावली-1985' के अनुसार वैवाहिक उपहारों की एक हस्ताक्षरित सूची बनाकर रखी जाए, जिसमें उपहार, उनका अनुमानित मूल्य, प्रदाता का नाम व प्राप्तकर्ता से संबंध का संक्षिप्त विवरण शामिल हो। यद्यपि दहेज प्रथा उन्मूलन हेतु अनेक नियम व कानून लागू किए गए, तथापि व्यावहारिक रूप में इनका नियमन संभव नहीं हो पाया। वर्ष 1997 की एक अनुमानित रिपोर्ट के अनुसार प्रतिवर्ष 5,000 महिलाएं दहेज हत्या का शिकार होती हैं। 2019 में महिलाओं के विरुद्ध कुल 4,05,861 आपराधिक मामलों में 30 प्रतिशत अपराध ससुरालपक्ष द्वारा किए गए।

'दुल्हन ही दहेज है'' के आदर्श नारे को झुठलाती लोमहर्षक घटनाएं यह बताने के लिए काफी हैं कि यथार्थ में लोलुप मानसिकता के लिए दहेज ही दुल्हन' है। कहीं अयोग्य वर-वरण में अर्थाभाव कारण रहा तो कहीं योग्यता महंगे तराजू में तुल गई। इस कुप्रथा में वे अभिभावक बराबर के भागीदार हैं जो बेटी के सुखद भविष्य की परिकल्पना में यह भूल जाते हैं कि विवाह एक पवित्र बंधन है, जिसमें मोल-तोल की कोई गुंजाइश नहीं। योग्यता, स्वभाव, संस्कार तथा पारस्परिक सामंजस्य ही सुखद दाम्पत्य का आधार है, न कि भौतिकता। बेटियों के लिए दहेज का जुगाड़ करने की अपेक्षा उसे शिक्षित, संस्कारी, सक्षम व आत्मनिर्भर बनाएं ताकि वह सामाजिक कुरीतियों का डटकर विरोध कर सके। भूलकर भी उसे दहेज की ज्वाला में न झोंकें, क्या मालूम उसका अस्तित्व ही जलकर राख हो जाए। समुचित पालन-पोषण के माध्यम से बेटों को सुयोग्य, स्वाभिमानी व स्वाबलंबी बनाएं; बिकाऊ वस्तु अथवा भिखारी नहीं। कन्या के गुणों को अधिमान दें, न स्वयं व्यापारी बनें और न ही अपनी संतान को इस निंदनीय सौदेबाजी में संलिप्त होने दें।

## वर्ष के अंतराल में आगामी वर्ष का भविष्य समाहित है!

**डॉ. भरत मिश्र प्राची**



गत वर्ष कोरोना काल की दर्दनाक कहानी के बीच से गुजरने के बाद आने वाले वर्ष राहत भरा होगा पर लापरवाही एवं ढ़िलाई ने वर्ष के प्रारम्भ काल को कोरोना के गाल में फिर से फांस दिया जहां आक्सीजन एवं दवाई के आभाव में पहले से कई गुणा ज्यादा प्रतिकूल प्रभाव देश को झेलना पड़ा। इस दौरान इस पर नियंत्रण हेतु टीकाकरण का अभियान देशभर में चला। अंततः सफलता भी मिली। इस बार पूर्व की तरह लॉकडाउन तो नहीं लगा पर कोरोना गाइड पालना के प्रति सजगता बढ़ गई। इस वर्ष कोरोना का नया रूप ओमीक्रॉन भी वर्ष के अंतराल में प्रवेश कर चुका है। पूर्व की तरह इसके हालात अभी नजर तो नहीं आ रहे पर यदि लापरवाही फिर से बरती गई तो आने वाले वर्ष इस कोरोना के नये स्वरूप के चंगुल में फिर से उलझ न जाय, कुछ कहा नहीं जा सकता। जबकि 18 वर्ष उम्र के बाद देश की अधिकांष आवाम को वैक्सीन लग चुका है एवं शेष को लगाने की तैयारी तेजी से चल रही है। टीका लगे लोगों के ओमीक्रॉन का शिकार होने की घटना भी कोरोना गाइड पालना का संदेश दे रही है।

वर्ष के अंतराल में चुनावी प्रभाव से प्रभावित कई दृश्य नजर आ रहे है जहां देश के सभी राजनीतिक दल आगामी वर्ष के प्रारम्भ में होने जा रहे पांच राज्यों के विधान सभा चुनाव के पूर्व सक्रिय हो चले है। इसी दिशा में सत्ता पक्ष केन्द्र सरकार की ओर से पारित तीन नई कृषि बिल जिसका विरोध देशभर में हुआ, किसान आंदोलन लम्बे समय तक चला, जिसे किसानों के हित में बताया गया फिर से वापिस लेने का बिल संसद में लाया गया, पारित कराया गया एवं चुनाव पूर्व नराज किसानों को खुश करने का प्रयास किया गया। इस परिप्रेक्ष्य में लम्बें अंतराल स ह्यचल रहा किसान आंदोलन भी वर्ष के अंतराल में समाप्त हो गया। महंगाई को लेकर केन्द्र की सत्ता पक्ष को घेरने एवं अपना राजनीतिक कद बढ़ाने की दिशा में कांग्रेस ने जयपुर में महारैली का आयोजन किया। उत्तर प्रदेश में कांग्रेस, सपा, भाजपा अपने अपने तरीके से पद यात्रा, रैली , आमसभा आयोजन करते नजर आ रहे है।

# थायराइड को कंट्रोल करने के लिए खाएं ये फल, हमेशा रहेंगे हेल्दी



खराब लाइफस्टाइल, बेवक्त खानापीना और नियमित रूप से एक्सरसाइज नहीं करना सेहत के लिए नुकसानदायक होता है. इन सभी चीजों का असर मेटाबॉलिज्म पड़ता है. थायराइड एक ऐसी बीमारी है. थायराइड बटरफ्लाई की तरह दिखने वाला ग्लैंड है जो हमारे गले की नीचे होते हैं. ये शरीर के कई हिस्सों को कंट्रोल करने में मदद करता है. इस ग्लैंड में किसी तरह की परेशानी से थकान, बाल टूटना, कोल्ड, वजन बढ़ना और अन्य लक्षण नजर आने लगते हैं. थायरइड दो तरह का होते हैं. हाइपोथायरायडिज्म और हाइपरथायराइडिज्म. दोनों स्थितियां अलग- अलग बीमारी के कारण होती हैं जो थायराइड ग्लैंड को प्रभावित करने का काम करती हैं. डाइट थायराइड के लक्षणों को मैनेंज करने में मदद करता है. एक पौष्टिक और संतुलित आहार के साथ दवाएं लेने से इसके लक्षणों को कम किया जा सकता है. इसमें आयोडिन, कैल्शियम और विटामिन डी वाली चीजों के सेवन से इसके लक्षणों को कम किया जा सकता है. हम आपको ऐसे 4 फ्रूट्स के बारे में बता रहे हैं जिसका सेवन कर थायराइड के लक्षण को कम कर सकते हैं.

### सेब

सेब सबसे हेल्दी फूड होता है और दुनिया भर में पसंद किया जाने वाला फल है. रोजाना एक सेब खाना से वजन को कंट्रोल किया जा सकता है. ब्लड शुगर को मेंटेन करने में मदद करता है और थायराइड ग्लैंड को मैनेज करने में मदद करता है. अध्ययनों से पता चलता है कि सेब आपके शरीर को डिटॉक्सीफाई करने में मदद करता है. इसके अलावा कोलेस्ट्रॉल के लेवल को कम करने में मदद करता है. ये मोटापा, डायबिटीज, और हृदय रोग के खतरे को कम करता है.

### बैरिज

बैरिज यानी जामुन में एंटी ऑक्सीडेंट की भरपूर मात्रा होती है जो थायराइड के लिए फायदेमंद होता है. जामुन में विटामिन और मिनरल्स की भरपूर मात्रा होत है जो फ्री रेडिकल्स को दूर करने में मदद करता है. थायराइड में डायबिटीज और वजन बढ़ना आमबात है. स्ट्रॉबेरी, ब्लूबेरी और रास्पबेरी को अपनी डाइट में शामिल कर सकते हैं.

**संतरा:** संतरा में विटामिन सी और एंटी ऑक्सीडेंट की भरपूर मात्रा होती है जो फ्री रेडिकल्स को दूर रखने में मदद करता है. विटामिन सी इम्युनिटी को बूस्ट करने में मदद करता है. इसके अलावा कोलेस्ट्रॉल के लेवल को नियंत्रित रखने में मदद करता है.

**अनानास:** अनानास में विटामिन सी और मैंगनीज की भरपूर मात्रा होती है. ये दोनों पोषक तत्व शरीर को फ्री रेडिकल्स से सुरक्षित रखने में मदद करता है. इसमें विटामिन बी की भरपूर मात्रा होती है जो थकान को दूर करने में मदद करता है।

## अक्षय कुमार जल्द शुरू करेंगे राम सेतु की शूटिंग

अक्षय कुमार आने वाले दिनों में कई फिल्मों में नजर आएंगे। राम सेतु भी उनकी बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है। अक्षय अक्टूबर में इस फिल्म की शूटिंग शुरू करने की तैयारी में हैं। उन्होंने मार्च में अयोध्या में इस फिल्म का मुहूर्त किया था। इसके बाद मुंबई में उन्हें फिल्म का लंबा शेड्यूल शूट करना था, लेकिन लॉकडाउन की वजह से शूट टाल दिया गया था। अब वह फिर शूटिंग के लिए तैयार हैं। रिपोर्टों के मुताबिक, अक्षय अक्टूबर में राम सेतु की शूटिंग वापस शुरू करेंगे और इस साल दिसंबर तक फिल्म पूरी कर लेंगे। फिल्म के कुछ हिस्से की शूटिंग श्रीलंका में होनी थी, लेकिन निर्माताओं ने इसके बाद फिल्म की शूटिंग केरल में करने का फैसला किया और अब राज्य में कोरोना के मामले बढ़ने के चलते फिल्म के निर्माताओं ने इसके काफी हिस्से को गुजरात में शूट करने का फैसला किया है। अभिषेक शर्मा के निर्देशन में बन रही फिल्म रामसेतु में अक्षय भारतीय संस्कृति और ऐतिहासिक विरासत से जुड़ी कहानी को पर्दे पर लाने वाले हैं। इस फिल्म में अक्षय पुरातत्वविद् का किरदार निभाएंगे। फिल्म में मर्यादा पुरुषोत्तम राम की कहानी दिखाई जाएगी। इसमें अक्षय के साथ जैकलीन फर्नांडिज और नुसरत भरूचा नजर आएंगी। नुसरत इसमें उनकी पत्नी की भूमिका में होंगी और जैकलीन, अक्षय की टीम मेंबर होंगी, जो मिशन राम सेतु में अक्षय की मदद करती हैं। अक्षय ने पिछले साल दिवाली पर राम सेतु का ऐलान किया था। उन्होंने फिल्म का पोस्टर शेयर किया था। इसके साथ अक्षय ने लिखा था, इस दीपावली, भारत राष्ट्र के आदर्श और महानायक भगवान श्री राम की पुण्य स्मृतियों को युगों-युगों तक भारत की चेतना में सुरक्षित रखने के लिए एक ऐसा सेतु बनाया, जो आने वाले पीढ़ियों को राम से जोड़ कर रखे। इसी प्रयास में हमारा भी एक छोटा संकल्प है राम सेतु। आपको दीपावली की शुभकामनाएं। अक्षय रामसेतु के अलावा फिल्म सूर्यवंशी में नजर आएंगे। इस फिल्म के निर्देशक रोहित शेट्टी हैं।



# शादी के 2 महीने बाद हनीमून मनाने मालदीव पहुंचीं 'धरा भाभी' शाइनी दोशी



'पांड्या स्टोर' में धरा भाभी का रोल प्ले करने वालीं ऐक्ट्रेस शाइनी दोशी ने इस साल जुलाई में बॉयफ्रेंड लवेश खैरजानी से शादी रचाई थी। कोरोना महामारी के कारण वह हनीमून पर नहीं जा पाए थे। लेकिन अब फाइनली यह कपल हनीमून पर है। शाइनी दोशी और लवेश मालदीव में हनीमून मनाने गए हैं। शाइनी ने मालदीव से अपनी और पति लवेश की रोमांटिक तस्वीरें शेयर की हैं। इन तस्वीरों में शाइनी दोशी और लवेश बीच पर डांस करते नजर आ रहे हैं। शाइनी दोशी ने बिकिनी में भी जमकर पोज दिए हैं। शाइनी अपने इस हनीमून को लेकर काफी ऐक्साइटेड हैं। उन्होंने बताया कि वो 6 दिन के लिए मालदीव में हैं। शाइनी दोशी ने कहा, 'मुझे इन 6 दिनों के लिए अडवांस में शूटिंग खत्म करनी पड़ी ताकि हम हनीमून पर जा सकें। लवेश और मुझे साथ में ट्रैवल करने का बहुत शौक है। इससे पहले भी हम दोनों कई देशों में साथ-साथ घूम चुके हैं। जब हमने हनीमून के बारे में आपस में बात की थी तो हमें बस इतना पता था कि जहां भी जाएंगे वहां पानी जरूर होना चाहिए। इसलिए मालदीव आ गए। यह हमारी बकेट लिस्ट में भी था।' शाइनी दोशी ऑनस्क्रीन ट्रडिशनल लुक और अवतार में नजर आती हैं, लेकिन ऑफस्क्रीन ऐक्ट्रेस को बिकिनी में देख लोग हैरान हैं। वहीं फैन्स अपनी फेवरिट 'धरा भाभी' के इस बिकिनी लुक की जमकर तारीफें कर रहे हैं। शाइनी दोशी ने लवेश के साथ 15 जुलाई को शादी के सात फेरे लिए थे।

# शाहरुख खान अभिनीत एटली की अगली फिल्म मनी हाइस्ट से है प्रेरित?



बॉलीवुड अभिनेता शाहरुख खान इस साल दक्षिण भारतीय फिल्मों के चर्चित निर्देशक एटली की अगली फिल्म को लेकर सुर्खियों में हैं। यह एक पैन इंडिया फिल्म है, जिसमें शाहरुख दमदार भूमिका में नजर आने वाले हैं। अब इस फिल्म से जुड़ी एक रोचक जानकारी सामने आ रही है। खबरों की मानें तो शाहरुख की यह फिल्म सुपरहिट वेब सीरीज मनी हाइस्ट से प्रेरित है। हाल में इस सीरीज का पांचवां सीजन रिलीज हुआ है। रिपोर्ट के मुताबिक, शाहरुख अभिनीत एटली की फिल्म मनी हाइस्ट से प्रेरित है। एक सूत्र ने कहा, यह एक विशिष्ट एटली फिल्म होगी, जिसकी पटकथा में सभी तरह की व्यावसायिक ट्रैपिंग को शामिल किया गया है। वास्तव में फिल्म की कहानी में पर्याप्त ट्विस्ट और टर्न हैं, जिससे इसकी कहानी मनी हाइस्ट से प्रेरित लगती है। शाहरुख की इस फिल्म में नयनतारा, प्रियामणि, सान्या मल्होत्रा और सुनील ग्रोवर भी नजर आएंगे। सूत्र ने आगे बताया, फिल्म में एक महत्वपूर्ण मोड़ पर शाहरुख का नकारात्मक किरदार एक टीम को इकट्ठा करता है और सबसे बड़ी बैंक डकैती को अंजाम देता है। ऐसी डकैती कभी किसी ने नहीं सुनी होगी। बताया जा रहा है कि यही वह ट्रैक है, जो फिल्म की पृष्ठभूमि को तैयार करता है। इसी के परिणामस्वरूप शाहरुख के दो पात्रों के बीच आमना-सामना होता है। बता दें कि शाहरुख इस फिल्म में डबल रोल में नजर आएंगे। रिपोर्ट्स की मानें तो विलेन के साथ शाहरुख का दूसरा कैरेक्टर फिल्म में पुलिस वाले की भूमिका में नजर आएगा। सूत्र ने कहा, एटली की अगली फिल्म की पटकथा के और भी कई पहलू हैं। आज के समय में सबसे बड़ी रोमांचक फिल्म को देखने के लिए तैयार हो जाइए। फिल्म की पटकथा को एटली ने खुद अपने लेखकों की टीम के साथ विकसित किया है।

## 'खो गए हम कहां' का शानदार टीजर रिलीज, अनन्या, सिद्धांत और गौरव की दोस्ती करेगी धमाल

फरहान अख्तर को फैंस ने हाल ही में 'तूफान' फिल्म में देखा गया था. इस फिल्म के लिए एक्टर की सराहना भी की गई थी. ऐसे में अब एक्टर ने अपनी अगली फिल्म का ऐलान कर दिया है. हाल ही में सोशल मीडिया के जरिए फरहान ने 'खो गए हम कहां' की घोषणा फैंस के सामने आधिकारिक रूप से कर दी है. आपको बता दें कि खो गए हम कहां में लीड में सिद्धांत चतुर्वेदी, अनन्या पांडे और आदर्श गौरव दिखाई देंगे. ये तीनों स्टार्स पहली बार किसी फिल्म में एक साथ काम करते दिखाई देंगे. ऐसे में फैंस के बीच इस फिल्म को लेकर अभी से उत्साह बढ़ गया है. आपको बता दें कि फरहान, जोया अख्तर और रीमा कागती मिलकर इस खास फिल्म का निर्माण करेंगे. जबकि फिल्म अर्जुन वरेन सिंह के निर्देशन में बनने वाली है. आपको बता दें कि 'खो गए हम कहां' मुंबई शहर में तीन दोस्तों की की कहानी है. हाल ही में फिल्म का पहला पोस्टर साझा करते हुए, फरहान ने ट्विटर पर लिखा कि अपने दोस्तों को ढूंढो और आपको फॉलोअर्स की जरूरत नहीं होगी ਧ खो गए हम कहां. इस पोस्टर में सिद्धांत, अनन्या और आदर्श सोफे पर बैठे हुए एक सेल्फी क्लिक करते दिखाई दिए थे. आपको बता दें कि इस फिल्म से पहले ही अनन्या और सिद्धांत साथ में एक दूसरी फिल्म में काम कर रहे हैं, जिसमें उनके साथ दीपिका पादुकोण भी हैं. आपको बता दें कि दोस्ती से भी हुई 'खो गए हम कहां' 2023 में रिलीज होगी. आज फिल्म का टीजर फैंस के सामने पेश किया गया है जिसमें तीनों दोस्त साथ में मस्ती करते दिख रहे हैं. तीनों ही स्टार्स अलग अलग अंदाज में दिखाई दे रहे हैं. इसके साथ ही इसके बैकग्राउंड में बार बार देखो फिल्म का गाना खो गए हम कहां बज रहा है. फिल्म की खास झलक देखकर फैंस काफी उत्साहित हैं. फैंस अभी से फिल्म को देखने को बेकरार हो गए हैं।

# सारा अली खान ने बिकिनी में शेयर की खूबसूरत फोटोज, सोशल मीडिया पर वायरल



बॉलीवुड एक्ट्रेस सारा अली खान आजकल दोस्तों संग मालदीव में वेकेशन एन्जॉय कर रही हैं। सोशल मीडिया पर फैन्स को यहां के अपडेट्स दे रही हैं। फ्लोरल बिकिनी से लेकर नियॉन कलर बिकिनी पहन फोटोज पोस्ट कर रही हैं। फैन्स भी इनकी अदाओं को काफी पसंद कर रहे हैं। उन्होंने मालदीव के खूबसूरत मौसम के बीच अपनी फोटो शेयर की है। इंस्टाग्राम स्टोरी पर भी सारा की डे-टाइम को एन्जॉय करते कमाल की तस्वीरें साझा की है। फोटोज में आप देख सकते हैं कि सारा अली खान ने नियॉन कलर की ब्रा पहनी है। वहीं, कलरफुल प्रिंटेड सारॉन्ग कैरी किया है। हाथ में नियॉन चेन पहनी है। कैमरे में एक्ट्रेस पोज देती नजर आ रही हैं। बिना मेकअप के सारा अली खान बेहद खूबसूरत दिखाई दे रही हैं। बता दें कि कुछ समय पहले सारा अली खान लद्दाख गई थीं। कहा जा रहा था कि सारा यहां एक म्यूजिक वीडियो के लिए गई हैं। इनके साथ राधिका मदान और जयलीन रॉयल भी नजर आई थीं। सारा अली खान, राधिका और जयलीन की कई फोटोज और वीडियोज सोशल मीडिया पर सामने आई थीं। यहां से उन्होंने अपने ट्रिप से गजब की तस्वीरें साझा की थी। कहना गलत नहीं होगा कि सारा काम से मिले ब्रेक के बाद खुद को काफी समय दे रही हैं।

# मजबूत हड्डियों से लेकर स्वस्थ हृदय तक, ब्रोकली के फायदे



हमें हमेशा ही हरी सब्जियां खाने की सलाह दी जाती रही है, क्योंकि ये हमारे स्वास्थ्य के लिए बेहद लाभकारी होती हैं. हरी सब्जियों में पालक, केल और ब्रोकली आदि शामिल हैं. सब्जियां न केवल आयरन बल्कि कई अन्य महत्वपूर्ण पोषक तत्वों से भी भरपूर होती हैं. इन्ही में से एक ब्रोकली है जो बहुत लोकप्रिय सब्जी नहीं है. ये देखने में काफी हद तक गोभी जैसी लगती है. इसका सेवन अधिकतर सलाद या सूप के रूप में किया जाता है. ये स्वास्थ्य के लिए बहुत ही लाभकारी है. इसमें प्रोटीन, कैल्शियम, आयरन, जिंक, सेलेनियम, विटामिन-ए और सी जैसे तमाम पोषक तत्व पाए जाते हैं. इसमें एंटीऑक्सीडेंट, एंटी-कैंसर और एंटी-इंफ्लेमेटरी जैसे गुण भी होते हैं. ये कई स्वास्थ्य समस्याओं को दूर करने में मदद करते हैं. आइए जानें ब्रोकली के स्वास्थ्य लाभ.

### रोकली के स्वास्थ्य लाभ

हड्डी के लिए लाभदायक-ब्रोकोली में कई पोषक तत्व होते हैं जो हड्डियों को मजबूत रखने में मदद करते हैं. ये हड्डियों से संबंधित बीमारियों को भी दूर करने में मदद करते हैं. ये विटामिन के और कैल्शियम का समृद्ध स्रोत है, जो हड्डियों और दांतों को मजबूत बनाने में मदद करते हैं. इसके अलावा, ब्रोकली में फास्फोरस और अन्य विटामिन भी होते हैं जो स्वस्थ हड्डियों के लिए आवश्यक होते हैं. एक अध्ययन अनुसार इसमें मौजूद सल्फोराफेन ऑस्टियोआर्थराइटिस को रोकने में मदद कर सकता है. त्वचा का स्वास्थ्य-इसमें कई ऐसे तत्व होते हैं जो त्वचा को यूवी किरणों से बचाने में मदद करते हैं. इसमें एंटीऑक्सीडेंट गुण भरपूर मात्रा में होते हैं. ये शरीर से टॉक्सिन बाहर निकालने में मदद करते हैं. इससे मुंहासों और झुर्रियों की दिक्कत को कम करने में मदद मिलती है. ब्रोकली का सेवन करने से त्वचा में निखार भी आता है. ब्रोकली में मौजूद मैग्नीशियम, पोटैशियम, कैल्शियम, प्रोटीन और विटामिन-सी जैसे पोषक तत्व बालों को मजबूती प्रदान करने में मदद करते हैं. ब्लड शुगर-इसमें मौजूद समृद्ध एंटीऑक्सीडेंट और डायट्री फायबर ब्लड शुगर को नियंत्रित करने में मदद करते हैं. अध्ययन के अनुसार डायबिटीज वाले लोग ब्लड शुगर को कंट्रोल करने के लिए ब्रोकली का सेवन कर सकते हैं।

## सलमान-आयुष की 'अंतिम' में वरुण धवन का डांस लगाएगा तड़का



सुपरस्टार सलमान खान और आयुष शर्मा की फिल्म अंतिम एक लंबे वक्त से सुर्खियो में है. अंतिम फिल्म पर फैंस की निगाहें टिकी हुई हैं. फैंस पहली बार सलमान खान और आयुष शर्मा को एक साथ किसी फिल्म में देख पाएंगे. लेकिन अब फिल्म से रिलेटेड जो खबर सामने आई है जो फैंस को काफी खुशी देने वाली है. ये बात तो काफी वक्त पहले ही साफ हो गई थी कि इस फिल्म का हिस्सा वरुण धवन भी होने वाले हैं. जी हां वरुण धवन इस फिल्म में एक गाने में नजर आने वाले हैं जो कि भगवान श्री गणेश पर आधारित होगा. अब ये साफ हो गया है कि ये गाना कब फैंस के सामने रिलीज किया जाएगा. हाल ही में खबर सामने आई है कि वरुण धवन स्टारर ये फिल्म फैंस के सामने अब रिलीज होने को तैयार है. इस गाने को लेकर चर्चा है कि इसी सप्ताह फैंस के लिए लॉन्च किया जाएगा. कहा जा रहा है कि फिल्म इस हफ्ते के अंत तक खास अंदाज में पेश किया जाएगा. ऐसा काफी कम देखा जाता है कि वरुण धवन किसी फिल्म में अभी तक एक कैमियो रोल करते हुए नजर आए हों. अब इस फिल्म में वह अपने डांस से हर किसी को अपना दीवाना करने वाले हैं. गाना काफी भव्य रूप में शूट किया गया है. आपको बता दें कि फिल्म में आयुष एक गैंगस्टर बने हैं, जबकि सलमान खान फिल्म में पुलिसवाले के रोल में दिखाई देंगे. हाल ही में फिल्म पर सलमान खान कहा था कि मैं अंतिम का इंतजार कर रहा हूं और उम्मीद है कि निश्चित रूप से यह फिल्म पसंद आएगी, पहले कभी नहीं देखे हुए एक युनिवर्स का निर्माण किया जा रहा है. इसके साथ ही बता दें कि इस फिल्म से सलमान खान और आयुष शर्मा का एक टीजर भी रिलीज हो चुका है जिसमें वो भिड़ते हुए नजर आ रहे हैं. इतना ही नहीं सलमान खान के वर्कफ्रंट की बात करें तो इस समय वो टाइगर 3, भाईजान और राजश्री प्रोडक्शन की एक फिल्म के लिए चर्चा में हैं।

# पंचायत चुनाव में कांग्रेस ने ओबीसी विरोधी बनकर अपना चेहरा उजागर किया: रमेश दुबे

*दैनिक पुष्पांजली टुडे*

***मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की भाजपा सरकार पंचायत चुनाव में 27त्न आरक्षण के साथ कर रही थी नेतृत्व***

**भिण्ड ।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य रमेश दुबे ने कांग्रेस को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि जो कॉन्ग्रेस ओबीसी समाज को हितेषी मानती थी उन्हीं की विरोधी बनकर पंचायत चुनाव में आरक्षण को लेकर अपना विरोधी चेहरा उजागर कर दिया है 7 मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार ग्राम पंचायतों के चुनाव में ओबीसी समाज को 27त्न आरक्षण के साथ उन्हें क्षेत्र के विकास का नेतृत्व सौंपना चाहती थी लेकिन कांग्रेस ने माननीय न्यायालय में पहुंच कर समाज विरोधी चेहरा उजागर कर दिया, कांग्रेस नहीं चाहती कि ओबीसी समाज के लोग ग्राम पंचायतों और जिला पंचायत जनपद पंचायत सरपंच बनकर क्षेत्र का विकास के लिए आगे आकर पराकाष्ठा के साथ एक नेतृत्व कर सके जिस पर कांग्रेस ने अपना विरोधी चेहरा को सामने लाकर ओबीसी समाज से जुड़े लोगों की पीठ पर छुरा भोंकने का काम कर दिया द्य

भाजपा प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य रमेश दुबे ने कहा कि यह वह कांग्रेस है जो देश की स्वतंत्रता से आज तक ओबीसी समाज को अपना वोट बैंक समझकर देश



और प्रदेश पर हमेशा राज्य करती रही अब उस उनके विकास और नेतृत्व की बात सामने आई तो उन्होंने सबसे पहले लोकसभा सदन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ओबीसी समाज से जुड़े केंद्रीय मंत्रियों का परिचय कराने के लिए खड़े हुए तो कांग्रेस ने उसमें भी हंगामा शुरू कर दिया, अब पंचायत चुनाव में भी उन्होंने तुष्टीकरण नीति को अपनाकर उनके अधिकारों को रोककर समाज के साथ धोखा किया है द्य

उन्होंने कहा कि पंचायत चुनाव कोई पार्टी बेसिस पर नहीं होते यह चुनाव स्वतंत्र रूम से होते हैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने ओबीसी समाज के लिए विभिन्न योजनाओं के माध्यम से समाज का विकास करना और अंत्योदय के साथ उन्हें आगे बढ़ाने के लिए कार्य कर रही है तो कांग्रेस के नेताओं को यह रास नहीं आया और उन्होंने लिया ने पहुंचकर इस में रोड़ा अटकाने का काम किया द्य

भाजपा प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य दुबे ने कहा कि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान निष्पक्ष और पराकाष्ठा ईमानदारी के साथ पंचायतों के चुनाव में ओबीसी समाज को आगे बढ़ाने का काम कर रहे थे अगर यह समाज के लोग जनता के द्वारा प्रतिनिधि चुनकर आते तो वह अपने क्षेत्र के विकास को आगे बढ़ाते द्यउन्होंने कहा कि माननीय न्यायालय के निर्णय का इंतजार करेंगे और निश्चित रूप से सत्य की विजय होगी और पूरी उम्मीदों के साथ वह भी सी समाज के लोग अपने ग्राम पंचायतों से जनप्रतिनिधि चुनकर आएंगे और वह नेतृत्व करेंगे भारतीय जनता पार्टी का सत्ता और संगठन उनके साथ हमेशा से खड़ा है और खड़ा रहेगा द्य उन्होंने कहा दिग्विजय सिंह कमलनाथ और अन्य कांग्रेसी नेताओं के चक्रव्यूह में ना फंसे ओबीसी समाज यह आप का भला नहीं कर सकते और ना ही आप का नेतृत्व पसंद करते हैं उन्होंने यह भी का किक दिग्विजय सिंह अपने पुत्र जयवर्धन सिंह कमलनाथ अपने पुत्र नकुल नाथ के लिए सुरक्षित एक निर्धारित की है और कमलनाथ ने आज अपने पुत्र को सांसद बनाने के लिए आदिवासी सीट छिंदवाड़ा लोकसभा नहीं बनने दी नई पिछड़ा वर्ग समाज को आगे बढ़ने के लिए सोच सकते हैं देश में ऐसा ही राजनीतिक दल है जो भारतीय जनता पार्टी सर्व समाज को साथ लेकर सत्ता और संगठन के लिए और देश के विकास के लिए काम करती है ऐसे लोगों के बहकावे में ना आए सभी लोग पूर्ण रूप से स्वतंत्र होकर पंचायत चुनाव में अपने अधिकारों के लिए आगे आकर समाज का नेतृत्व करें भारतीय जनता पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता उनके साथ खड़ा है ।

## गुर्जर महासभा के पदाधिकारियों का हुआ गठन



आज दिनांक 19/12/2021 को गुर्जर समाज के पदाधिकारियों के चयन हेतु एक बैठक गुर्जर भवन जेल रोड गोहद पर आयोजित की गई। जिसमे सर्वसम्मति से समाज के पदाधिकारियो का चमन किया गया जिसमें समिति के पूर्व अध्यक्ष रामेश्वर सिंह जी गुर्जर को समिति का संरक्षक बनाया गया वही गब्बर सिंह गुर्जर एडवोकेट को अध्यक्ष , सोबरन सिंह की पटेल को उपाध्यक्ष चुना गया मेहताब सिंह गुर्जर, ( पूर्व रेजर) सचिव रोशनसिह कंसाना (बनीपुरा)को कोषाध्यक्ष तथा भवर सिंह(खरौआ) को सहसचिव हेतु चुना गया तथा निरंजन सिंह गुर्जर कठुबां गुर्जर को कार्यालय प्रमुख पद हेतू चुना गया इन पदाधिकारियों को उपस्थित सदस्यो द्वारा शुभकामनाये दी गई समस्त जानकारी रोशन सिंह गुर्जर कोषाध्यक्ष द्वारा दी गई

## वन-टू-वन

### दतिया सिटी कोतवाली में चला शस्त्र सफाई अभियान



**संदीप प्रधान उप संपादक की रिपोर्ट**

थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक रविंद्र शर्मा द्वारा अपने स्टाफ के साथ आज थाना कोतवाली में आर्म्स एंबुनेशन की साफ सफाई कराई गई । समय-समय पर थानों में रखे अस्त्र शस्त्रों का सफाई अभियान चलाया जाता है जिससे शस्त्र हमेशा चालू हालत में रहे हैं ओर कारगर रहे इसी मंशा के साथ दतिया पुलिस अधीक्षक श्री अमन सिंह राठौर जी के निर्देशन पर चलाया गया शस्त्र सफाई अभियान ।

### इंदरगढ़ में युवा कांग्रेस ने दिया विधुत मंडल में ज्ञापन



**पुष्पांजलि न्यूज़ टुडे विवेक सेन पत्रकार इंदरगढ़ से**

युवा कांग्रेस के विधानसभा अधयक्ष परवेंद्र गुर्जर के नेतृत्व में इंदरगढ़ में विधुत मंडल में राज्यपाल के नाम एक ज्ञापन सौपा जिसमे मांग की गई कि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह की घोषणा के बाद भी कोरोना काल की विधुत बसूली की जा रही है। जो सरासर गलत है । ज्ञापन में वसूली पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाने की मांग की गई। ज्ञापन सौंपने वाले में प्रमुख रूप से संजय राणा ब्लॉक अध्यक्ष युवा कांग्रेस इंदरगढ़ सचिन गुर्जर कृष्णा गुर्जर नीरज गुर्जर महेंद्र जाटव हरि सिंह वीर सिंह कुशवाह बृजेंद्र सिंह धीरज योगीअर्जुन गुर्जर रोहित गुर्जर शिवराज गुर्जर प्रदुम परमार सत्येंद्र गुर्जर पुष्पेंद्र गुर्जर अजय विश्वकर्मा अनिवेश नरवरिया बृजेंद्र जाटव कुलदीप गुर्जर आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

### सरस्वती शिशु मन्दिर के छात्रों ने लिखी प्रधानमंत्री जी को चिट्ठी



**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड।** विद्या भारती जिला भिण्ड मध्य भारत प्रांत द्वारा स्वाधीनता का अमृत महोत्सव कार्यक्रम के तहत छात्रों ने प्रधानमंत्री जी को चिट्ठी लिखी। भिंड जिले के मेहदा,बरहा, मिहोनी जैतपुरा मालनपुर चंदोखर सोसरा फूप सकराया मानहड, फरदुआ गिरवासा रहावली मुरावली देवरी कलां,मिहोना,अमाहा आदि सरस्वती शिशु मन्दिर विद्यालयों ने स्वतंत्रता संग्राम के गुमनाम नायक एवं 2047 में भारत के लिए मेरी दृष्टि विषय पर भारत के प्रधानमंत्री जी को चिट्ठी लिखी। ज्ञातव्य हो कि भारत आजादी के 75 वर्ष पूर्ण होने पर भारत का अमृत महोत्सव कार्यक्रम पूरे देश में आयोजित कर रहा है। इससे छात्रों में भारतीय इतिहास एवं संस्कृति, हमारे देश को स्वतंत्र कराने में मदद करने वाले सभी गुमनाम महानायक एवं भारत की उपलब्धियों से परिचित कराया जाएगा,और भारत को किन लक्ष्यों को प्राप्त करने हेतु क्या करना है इसकी जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी।

# नागाजी पूर्णिमा के अवसर पर भाजपा नगर मंडल पोरसा ने मंदिरो पर जाकर महंतों का किया सम्मान

*** मुरैना से गौरव शर्मा पुष्पांजलि टुडे**

**पोरसा //** आज नागाजी पूर्णिमा के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल पोरसा अध्यक्ष राम कुमार गुप्ता वा कार्यकर्ताओं के द्वारा पोरसा के नागाजी मंदिर महामंडलेश्वर श्री श्री 1008 महंत राम लखन दास जी महाराज एवं केला देवी मंदिर गिरर्राज जी मंदिर राम जानकी मंदिर राधा कृष्ण मंदिर बंसी वाला मंदिर पर पहुंचकर महंतो एवं संतों का सम्मान शॉल श्रीफल पहनाकर किया मंडल अध्यक्ष राम कुमार गुप्ता ने कहा की श्री नागाजी गोविंद दास महाराज जी का जन्म ग्राम मटियापुरा में हुआ जंगल में गाय चराते समय उनके सामने एक गाय की मृत्यु हो गई और वह बहुत चिंतित हो गए गाय को पकड़ कर बैठ गए और कहा यदि गाय जिंदा नहीं हुई तो मैं भी अपने प्राण दे दूंगा उनके बाल हट के आगे भगवान को भी झुकना पड़ा और भगवान ने गाय को जिंदा कर दिया बचपन में उनका नाम गोविंद था गाय के जिंदा होते ही गोविंद की मन में वैराग्य की सुध गई और वह अयोध्या चले गए वहां तुलसीदास जी के शिष्य बने और वही से उनका नाम नागाजी गोविंद



दास महाराज पड़ गया नागाजी महाराज को गायों से अधिक प्रेम था पोरसा में नागाजी तालाब का निर्माण संवत 1475 में नागाजी महाराज के द्वारा किया गया इस तालाब के पवित्र जल से कई बार मालपुए भी शिका करते थे इस पूरे क्षेत्र में नागाजी महाराज की कृपा से सभी लोग फल फूल रहे हैं क्षेत्र की जनता पर नागाजी महाराज का आशीर्वाद सदैव बना रहा है कार्यक्रम के अवसर पर भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष राम कुमार गुप्ता पूर्व मंडल अध्यक्ष सत्यनारायण गुप्ता अरुण गुप्ता हरिशंकर गुप्ता संदीप उपाध्याय जसराम गुप्ता अशोक पार्षद नत्तीलाल राठौर अशोक गुप्ता राजेश वर्मा पवन शर्मा सौरभ तोमर रमाकांत शर्मा अंकित तोमर अर्पित वर्मा तेजवीर सिकरवार धर्मेंद्र सिकरवार मनमोहन सिंह रमन सिंह बापू तोमर आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे

# ग्राम सोंठवा मैं विकलांग बल मध्यप्रदेश की बैठक सम्पन्न!



**श्योपुर** - आज दिनांक 19-12-2021 को दोपहर 12 बजे ग्राम सोंठवा (फतेहपुर) में शासकीय प्राथमिक विद्यालय में विकलांग बल मध्यप्रदेश द्वारा एक बैठक आयोजित की गई जिसमें ग्राम सोंठवा के एवं आस पास के गांव के विकलांगजन बैठक में एकत्रित हुए उक्त बैठक में विकलांग बल मध्यप्रदेश के प्रदेश उपाध्यक्ष विनोद पाठक मौजूद रहे और सभी विकलांगजन ने उनको होने वाली समस्याओं के बारे में अवगत कराया! प्रदेश उपाध्यक्ष विनोद पाठक ने विकलांगजन को मिलने वाली शासकीय योजनाओं के बारे में बताया एवं कोई भी विकलांग भाई बहन के साथ कोई अभद्रता करता है या कोई अपशब्द बोलता है या कोई के साथ मारपीट हो जाती है तो विकलांग अधिनियम 2016 की धारा 91व 92 के तहत सम्बंधित थाने में एफ आई आर दर्ज करवाई जा सकती है एवं सभी विकलांगों को यू डी आई डी कार्ड बनवाने के लिए बोला गया जिससे उन्हें मध्यप्रदेश की बसों में 50त्न की छूट का लाभ प्राप्त हो सके एवं अन्य योजनाओं से वंचित विकलांगजन को हर लाभ दिलाया जाएगा सम्बंधित अधिकारी से चर्चा करके उक्त बैठक में विकलांग बल मध्यप्रदेश के प्रदेश उपाध्यक्ष विनोद पाठक, जिला उपाध्यक्ष मुकेश मीणा, राजेंद्र बैरवा, विष्णु नायक, हेमराज बैरवा, देविशंकर राठौर, ईश्वर गुर्जर, राजाराम बैरवा, बनवारी गुर्जर, श्रीमती राममूर्ति, श्रीमती सिलो बैरवा (समता सखी ) श्रीमती श्रृंगार योगी, श्रीमती दुलारी बाई, श्रीमती पाना बाई, श्रीमती गोवरी सुमन, आदि उपस्थित रहे!



## विकासखंड खनियाधाना में खंड स्तरीय समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया

**राकेश परिहार पीटीवी न्यूज़ पिछोर ,9691338626**

विकासखंड खनियाधाना मैं खंड स्तरीय समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया जिसमें जिले से आए माननीय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला टीकाकरण अधिकारी जिला प्रोग्राम अधिकारी एवं जिले के अन्य सभी प्रोग्राम अधिकारी महोदय वा ब्लॉक खनियाधाना से खंड चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर ए एस परिहार समस्त सेक्टर मेडिकल ऑफिसर खनियाधाना आर बी एस के चिकित्सक व समस्त सी एच ओ समस्त सुपरवाइजर ए एन एम एवं आशा सुपरवाइजर की उपस्थिति में संपन्न हुई बैठक मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित की गई जिसमें उनके द्वारा सभी राष्ट्रीय कार्यक्रमों की समीक्षा की गई।

# गुड़ा एंडला में भामाशाह खांटेड परिवार ने नव निर्मित विद्यालय भवन का किया लोकार्पण

**गुड़ा एंदला गांव के बच्चे अब सुविधा युक्त भवन पढ़ लिखकर शिक्षा की जोत जगायेंगे**

**5 करोड़ की लागत से नवनिर्मित विद्यालय भवन का हूआ लोकार्पण, ग्रामीणों ने भामाशाह परिवार का जताया आभार**

**मातृभूमि के लिए वरदान साबित हुआ खांटेड परिवार**

**पुष्पांजलि टुडे संवाददाता। नेनाराम सीरवी**



**रानी पाली ।** गुड़ा एंडला ग्राम पंचायत मुख्यालय पर स्थित सरस्वती बेन लख्मीचंद माणक राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मे रविवार को खांटेड परिवार द्वारा नव निर्मित विद्यालय भवन का लोकार्पण आचार्य चिदानंद सुरीश्वर महाराज की पावन निश्रा में आयोजित हुआ। कार्यक्रम में आचार्य चिदानंद सुरीश्वर महाराज ने कहा कि भामाशाह परिवार विद्यालय का पूरा ध्यान रखें, भामाशाह का खांटेड परिवार की अब जवाबदारी बढी है, उन्होंने कहा है कि विद्यालय की देख रेख करे और विद्यालय में आवश्यक वस्तुओं की पूर्ति करें । जिससे विद्यालय मे गांव के बच्चे पढ़ सकेंगे।वही भामाशाह परिवार ने एक ऐसा विद्यालय मंदिर बनाया है यहां पर भगवान तैयार होंगे। इसी के साथ उन्होंने गुरुजनों को कहा कि शिक्षा के अलावा बच्चों को संस्कार युक्त व योग के बारे में जानकारी जरूर दें। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सुमेरपुर विधायक जोराराम कुमावत ने कहा कि मारवाड़ की धरा पर भामाशाहो की कमी नहीं है, भामाशाह यहा हमेशा शिक्षा के क्षेत्र में तैयार रहते है, जो कि अपनी खरी कमाई के पैसा शिक्षा के क्षेत्र में खर्च करके मारवाड़ गोडवाड़ के बच्चो को अच्छी शिक्षा ग्रहण करवा रहे है। जिससे आने वाली पीढ़ी अच्छे संस्कारों के अनुकूल वातावरण में तैयार होगी और आगे बढ़ कर तरक्की करेगी। पूर्व प्रधान शोभा सोलंकी ने कहा कि हमें गर्व है कि हमारे गांव में भामाशाह परिवार ने 5 करोड़ की लागत से जो नव निर्मित विद्यालय भवन बनाया है , जिसमें गांव के बच्चे पढ़ कर लिखकर शिक्षा की जोत जगाएंगे और भामाशाह खांटेड परिवार को हमेशा याद रखेंगे। इसी के साथ भामाशाह के पुरे परिवार का धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में मंच संचालन ओम आचार्य फालना ने किया।

# पंचायत चुनाव में ओबीसी आरक्षण खत्म कराने की जिम्मेदार है भाजपा : मानसिंह कुशवाहा

*दैनिक पुष्पांजली टुडे*

**भिण्ड ।** पंचायत चुनाव में पिछड़ा वर्ग के आरक्षण को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी जिलाध्यक्ष मानसिंह कुशवाहा ने कहा कि अपने षड्यंत्र और गलतियों और अन्य पिछड़ा वर्ग विरोधी चरित्र को छुपाने के लिए बीजेपी कांग्रेस पार्टी पर झूठे आरोप लगा रही है। श्री कुशवाहा ने कहा सुप्रीम कोर्ट ने मध्यप्रदेश में हो रहे पंचायत चुनाव को लेकर अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए दिए गए आरक्षण को समाप्त करके चुनाव कराने का निर्देश दिया है. कांग्रेस ने इस मुद्दे पर शिवराज सरकार को घेरा है।भिण्ड जिला कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि इस फैसले से अन्य पिछड़ा वर्ग के लोगों को गहरा धक्का पहुंचा है, उन्होंने कहा कि बीजेपी की सोच हमेशा से आरक्षण को समाप्त करने की रही है.आर एस एस प्रमुख इस बात को कई बार दोहरा चुके है। अगर बीजेपी की मंशा सही होती तो नीति संगत कमलनाथ सरकार के रोटेशन प्रणाली को रद्द नही करते। कांग्रेस ने कहा भाजपा ने जानबूझकर चुनाव प्रक्रिया में संवैधानिक प्रावधानों का उल्लंघन किया गया और मामला कोर्ट में गया. अगर



शिवराज सरकार सुप्रीम कोर्ट में सही ढंग से पैरवी करती तो इस तरह का फैसला नहीं आता। और गलतियों और अन्य पिछड़ा वर्ग विरोधी चरित्र को छुपाने के लिए बीजेपी कांग्रेस पार्टी पर झूठे इल्जाम लगा रही है. मध्य प्रदेश के पंचायत चुनाव को लेकर कांग्रेस पार्टी सुप्रीम कोर्ट में या हाई कोर्ट में नहीं गई थी. इस बात को कांग्रेस पार्टी ने 6 दिसंबर को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में स्पष्ट शब्दों में सार्वजनिक कर दिया था. संबंधित पक्षकार निजी हैसियत में माननीय अदालत में गए थे। कांग्रेस पार्टी ने ग्राम पंचायत चुनाव की प्रक्रिया के असंवैधानिक पक्षों का विरोध किया था और उन्हें सार्वजनिक किया था लेकिन कांग्रेस ने चुनाव का विरोध नहीं किया था।

## सेना में भर्ती होकर करना चाहती हूं देश की सेवा यह कहना है मध्य प्रदेश की कबड्डी टूर्नामेंट की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी रूबी खान का।



**गोहद।** कुछ दिनों पहले गोहद में राज्य स्तरीय कबड्डी चैंपियनशिप का आयोजन किया गया। जिसमें मध्यप्रदेश की 56 टीमों ने बालक व बालिका वर्ग की कबड्डी चैंपियनशिप प्रतियोगिता में भाग लिया था। बालिका वर्ग की लोकल टीम ने फाइनल में पहुंचकर सभी का दिल जीता यद्यपि बगैर संसाधनों के भिंड की टीम ने अच्छा प्रदर्शन किया फिर भी फाइनल में रीवा जिले से भिंड की टीम हार गई। परंतु हारने के पश्चात भी रूबी खान के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन की बदौलत सभी का दिल जीत लिया जिसके उपरांत उन्हें सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। रूबी खान को पिछले वर्ष भी अपनी बड़ी बहन रुखसार के साथ मध्यप्रदेश कबड्डी टीम में छत्तीसगढ़ में खेलने का मौका मिला चुका है। रूबी खान अपने पिता की चार संतानों में से दूसरे नंबर की 14 वर्षीय पुत्री है। रूबी खान का परिचय कोई खास परिवार से नहीं आता इनके पिता सुल्तान उर्फ बंटी खान गोहद के वार्ड नंबर 4 में निवास करते हैं और दिहाड़ी पर टैम्पो या अन्य वाहन चलाने का कार्य करते हैं। इनका परिवार गरीबी रेखा के नीचे यापन करता है रूबी खान अपने चार भाई-बहनों के बीच में दूसरे नंबर की बहन है इनसे बड़ी बहन रुखसार हैं इन्होंने पिछली बार छत्तीसगढ़ में आयोजित हुए नेशनल कबड्डी चैंपियनशिप में रूबी खान के साथ भाग लिया था। रूबी खान जिस जाति से आती हैं वह मुस्लिम धर्म की सबसे पिछड़ी जाति है जिसकी आजादी के बाद आज तक गणना भी नहीं हो सकी है। यह जाति आतिशबाज या भड़भूजा नाम से जानी जाती है। इस जाति के लोग थोड़ा बहुत पढ़ लिख जाते हैं तो वह सेना में भर्ती होकर देश की सेवा करते हैं इसलिए रूबी खान का भी सपना कबड्डी की नेशनल टीम में खेलना एवं सेना में भर्ती होकर देश की सेवा करना है।

# विधानसभा का शीतकालीन सत्र कल से
# हंगामे के आसार, कई मुद्दों पर कांग्रेस घेरने की तैयारी में

## सीएम हाउस में बुलाई भाजपा विधायकों की बैठक



**भोपाल।** मध्यप्रदेश विधानसभा का शीतकालीन सत्र 20 दिसंबर से शुरू हो रहा है। पांच दिन तक चलने वाले इस सत्र में मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस प्रदेश में खाद की कमी, गांवों में अघोषित कटौती, कानून व्यवस्था, आदिवासियों पर अत्याचार, महंगाई और रोजगार के मुद्दे उठाकर सरकार को घेरेगी। इसे लेकर प्रदेश अध्यक्ष व नेता प्रतिपक्ष कमलनाथ के निवास पर कांग्रेस विधायक दल की बैठक बुलाई गई है।

दूसरी तरफ भाजपा विधायकों की बैठक भी सीएम हाउस में बुलाई गई है। इसमें मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान सहित वरिष्ठ मंत्री पार्टी विधायकों को टिप्स देंगे कि विपक्ष के आरोपों का जवाब कैसे दिया जाए। दोनों बैठकें रविवार देर शाम होंगी।कांग्रेस विधायक दल के मुख्य सचेतक डॉ. गोविंद सिंह और पूर्व मंत्री तरुण भनोत का कहना है कि सरकार न तो किसानों को खाद दे पा रही है और न ही बिजली। गांवों में अघोषित बिजली कटौती हो रही है। खाद लेने के लिए किसान दुकानों के बाहर लाइन लगाकर बैठे हैं। पुलिस लाठीचार्ज कर रही है। सरकार दावा कर रही है कि पर्याप्त मात्रा में खाद है। इसका जवाब सदन में लिया जाएगा। कानून व्यवस्था की स्थिति भी खराब है।

### शिवराज ने विधायकों को परिवार सहित आमंत्रित किया

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने विधायक दल की बैठक में सदस्यों को परिवार सहित आने का न्योता दिया है। बैठक के बाद डिनर रखा गया है। इस दौरान ?अध्यक्ष वीडी शर्मा, प्रदेश संगठन महामंत्री सुहास भगत और प्रदेश सह संगठन मंत्री हितानंद शर्मा और शिवराज कैबिनेट के सभी सदस्य भी मौजूद रहेंगे।

### आदिवासियों के मुद्दे उठाएगी कांग्रेस

डॉ. गोविंद सिंह का कहना है कि आदिवासियों पर अत्याचार की घटनाएं ब?ती जा रही हैं। राष्ट्रीय क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो की रिपोर्ट सबके सामने है। भाजपा सरकार प्रति वर्ष एक लाख रोजगार देने का दावा कर रही है, लेकिन प्रदेश में 30 लाख से ज्यादा रजिस्टर्ड बेरोजगार हैं। जनजातीय गौरव दिवस के नाम पर आदिवासियों को गुमराह करने का काम किया है। इन सभी मुद्दों को विधानसभा में उठाया जाएगा।

### विस अध्यक्ष ने बुलाई सर्वदलीय बैठक

विधानसभा का पांच दिवसीय शीतकालीन सत्र शांतिपूर्ण तरीके से चले और सारगर्भित चर्चा हो, इसके लिए विधानसभा अध्यक्ष गिरीश गौतम ने रविवार को सर्वदलीय बैठक की। यह बैठक दोपहर विधानसभा में आयोजित की गई। इसमें सत्तापक्ष और विपक्ष के वरिष्ठ सदस्यों साथ चर्चा की गई। इस बात पर सहमति बनाने का प्रयास किया कि प्रश्नकाल बाधित न हो। प्रश्नकर्ता को प्रश्न पूछने का अवसर दिया जाए। दरअसल, पिछले कुछ सत्रों में यह देखा गया है कि प्रश्नकाल वाद-विवाद में ही निकल जाता है। प्रश्नकर्ता को मौका ही नहीं मिल पाता।

# इंदौर में दिसंबर माह में मिल चुके हैं सौ से ज्यादा कोरोना संक्रमित

## लोगों की जरा सी लापरवाही पड़ सकती है भारी

**इंदौर।** कोरोना एक बार फिर सिर उठाने लगा है। दिसंबर के 18 दिन में सौ से ज्यादा संक्रमित शहर में मिल चुके हैं। किसी समय उपचाररत मरीजों की संख्या एक अंक में पहुंच गई थी लेकिन संक्रमण बढ़ने के साथ इसमें बढ़ोतरी होने लगी। फिलहाल 77 मरीजों का इलाज शहर के विभिन्न अस्पतालों में चल रहा है। विशेषज्ञों के मुताबिक ठंड का मौसम वायरस के लिए अनुकूल माना जाता है। ऐसी स्थिति में विशेष सावधानी बरतने की जरुरत है। जरा सी लापरवाही बड़ी मुश्किल को न्यौता दे सकती है।

**सावधानी अब भी जरूरी**

विशेषज्ञों के मुताबिक बाजार में लगातार बढ़ रही भीड़ के चलते कोरोना की तीसरी लहर की आशंका को बल दे रही है। जरूरी है कि पूरी सावधानी बरती जाए और कोरोना प्रोटोकाल का पालन किया जाए।

### सिर्फ 12 दिन मिली राहत

शहर में कोरोना का पहला मरीज 24 मार्च 2020 को मिला था। इसके बाद से अब तक सिर्फ 12 दिन ऐसे रहे जब शहर में कोई नया संक्रमित न मिला हो। इसके अलावा हर दिन संक्रमित मिले। 25 अप्रैल 2021 को तो शहर में 1841 संक्रमित मिले थे। यह इंदौर में 24 घंटे के दौरान मिले संक्रमितों का अब तक का सबसे बड़ा आंकड़ा है। किसी समय शहर में हजारों की संख्या में मरीज अस्पतालों में कोरोना का इलाज करवा रहे थे, लेकिन दूसरी लहर खत्म होने के बाद यह संख्या एक अंक में पहुंच गई थी।

## मधुर मित्तल ने किया आज दूसरी बार बी नेगेटिव रेयर ब्लड ग्रुप का ब्लड डोनेट थैलेसिमिया मुस्कान पाल को'

*दैनिक पुष्पांजली टुडे*

**शिवपुरी।** जय माई मानव सेवा समिति के मेंबर उमेश मित्तल जी ने आज अपने छोटे भाई मधुर मित्तल को ब्लड डोनेट के लिए मोटिवेट किया और आज मधुर मित्तल ने आज अपना



दूसरी बार रक्त डोनेट किया है मुस्कान पाल थैलेसिमिया बीमारी से पीड़ित है और इसको हर 15 दिन में ब्लड लगता है अगर मुस्कान को शिवपुरी हॉस्पिटल मे ब्लड नही मिलता है तो बो कभी कभी ग्वालियर भी ले जाते थे मुस्कान पाल को जब से जय माई मानव सेवा समिति ने जिमेदारी ली है थैलेसिमिया पीड़ित वच्चो की जब से सभी बच्चो को शिवपुरी हॉस्पिटल में ही ब्लड दिला देती है जय माई मानव सेवा समिति बहुत बहुत धन्यवाद करती हैं मधुर मित्तल ओर उमेश मित्तल का रक्तदान महादान ।

## समाजसेवी महेन्द्रसिंह राजपुरोहित बन्नूर को महाराणा प्रताप का समृति चिन्ह देकर किया सम्मान



**पुष्पाजंली टुडे**

**मैसूरु :-** शनिवार आशापुरा क्रिकेट टीम की ओर से हल्दी की गोठ रख स्नेह मिलन समारोह रखा गया द्य लाभार्थी समाजसेवी बनूर डॉ. महेंद्र सिंह राजपुरोहित का सम्मान कर स्मृति चिह्न भेंट किया गया द्य नितिन पुरोहित ने अपने संबोधन में कहा कि समाजसेवी बनूर महेंद्र सिंह राजपुरोहित समाजसेवा के हर कार्य में अग्रणी रहते हैं द्य युवाओ के प्रेरणा प्रेरणास्रोत हैं द्य इस अवसर पर नितिन पुरोहित,दिनेश पुरोहित,भंवर लाल पुरोहित, वरदाराम माली,हनुमान पटेल, दीपक घाँची,तगाराम पटेल,सुमेर जाट,किशन पुरोहित सहित बड़ी संख्या में सदस्य मौजूद रहे।

## कोलारस से शिवपुरी आ रही डस्टर कार अनियंत्रित होकर पलटी



**अनिल कुशवाह ब्यूरो**

**शिवपुरी-** खबर शिवपुरी से है जहां शिवपुरी के लिए कोलारस से डस्टर कार आ थी थी जो नियंत्रित होकर पलट गई। इस घटना में किसी भी प्रकार की गम्भीर चोटें नही आईं है।आपको बता दें कि रामेश्वर शिवहरे की कोल्ड स्टोरेज का संचालक है जिसने बताया की उनके यहां काम करने वाला मुन्ना मिस्त्री जो घर पर बाइक रखकर बहु से कार की चाबी लेकर किसी को बिना बताए चला गया और यहां पड़ोरा फोरलेन के पास अनियंत्रित होकर कार पलट गई। जिसकी सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे तब तक मिस्त्री फरार हो गया था



भोपाल में शनिवार को मंत्री प्रद्युमन सिंह के बंगले के सामने एनएसयूआई के कार्यकर्ताओं द्वारा बिजली के बिलों को लेकर विरोध प्रदर्शन किया गया।

# 185 स्टेशनों पर मिलेगी मुफ्त वाई-फाई की सुविधा

**भोपाल।** भोपाल मण्डल के 87 स्टेशनों सहित पश्चिम मध्य रेलवे के तीनों मण्डल के 272 स्टेशनों पर मुफ्त वाई-फाई इंटरनेट सुविधा शुरू हो गई है. इससे स्टेशन पर गाड़ी का इंतजार करने वाले यात्री रेलवे की सूचनाओं सहित मनोरंजन भी कर सकेंगे। रेल यात्रियों को वाई-फाई की ये सुविधा डिजिटल इंडिया के तहत दी जा रही है. रेलवे अधिकारियों ने बताया कि वाई-फाई से लैस किए गए स्टेशनों में भोपाल मंडल के 87, जबलपुर मण्डल के 98 और कोटा मण्डल के 87 स्टेशन हैं. पश्चिम मध्य रेलवे के करीब 3000 किमी के रूट पर ऑप्टिकल फाइबर केबल बिछा दी गई है।

जानकारी के मुताबिक, वाई-फाई की ये सुविधा भोपाल, रानी कमलापति, इटारसी, जबलपुर, कोटा, भरतपुर सहित पश्चिम मध्य रेलवे के प्रमुख स्टेशनों पर मिलेगी. इस सुविधा के लिए यात्रियों को वाई-फाई विकल्पों को स्कैन करना होगा और रेलवायर चुनना होगा. एक बार जब ब्राउजर यात्री को रेलवायर पोर्टल पर ले जाता है, तो वह एक मोबाइल नंबर मांगेगा. इस नंबर पर वन टाइम पासवर्ड (ओटीपी) भेजा जाएगा।

# तेज रफ्तार से आ रहा डंपर ने मारी लोडिंग में जोर दार टक्कर



**अनिल कुशवाह ब्यूरो**

**शिवपुरी-** खबर शिवपुरी कोलारस थाना की लुकवासा चौकी से आ रही जहाँ तेज रफ्तार से आ रहे डंफर ने लोडिंग में जोरदार टक्कर मार जिसमे 17 से 18 महिलाएं पुरुष एवं बच्चे सवार थे प्राप्त जानकारी के अनुसार सभी लोग बदरवास के सभी गांव में हो रहे सत्संग कार्यक्रम में जा रहे थे तभी गुरुदेव पेट्रोल पंप के सामने अपने साथियों का इंतजार कर रहे थे तभी अचानक के पास तेज रफ्तार से आ रहे डंपर द्वश्च 33 द्ध 1383 ने पीछे से जोरदार टक्कर लोडिंग में मार दी लोडिंग में सवार महिला और पुरुष गंभीर रूप से घायल हो गए घायल महिलाओं और पुरुष को तुरंत नजदीकी अस्पताल कोलारस में भर्ती कराया जहां से गंभीर रूप से घायल लोगों को तत्काल प्रभाव से जिला अस्पताल शिवपुरी रेफर किया गया घायल गौरी पत्नी काशीराम की नाक में रामबाई पत्नी रामदयाल के बाएं पैर में, विनीता पत्नी महेंद्र के सिर में आंख में ,पार्वती पत्नी राजाराम के नाक में कमर में,सुगंधा पुत्री बलराम के कमर में, मानसी पुत्री बलराम के माथे दाएं हाथ में, नारायणी पत्नी सीता राम के सीना में, सोमवती पत्नी रामजीलाल के सीना में, बबीता पत्नी दीपक के मुंह में, उषा पत्नी नारायणी के नाक में ,भगवती पत्नी शिवचरण के कंधे मे अमर कली पत्नी सुरेंद्र के कमर मैं कृष्णा पुत्री गोपाल के शरीर में त्रिवेणी के कंधे में नारायणी पुत्री सीता राम के कंधे मैं सुमित्रा पत्नी बलराम के कमर में मुकेश पुत्र मनु कुशवाहा के सिर में मुंह में चोट लगी है गाड़ी पूरी तरह क्षतिग्रस्त होकर पेट्रोल पंप के पास में ही पड़ी है सभी कोलारस अस्पताल भेजा गया । खबर मिलने तक सभी लोग गांव का उपचार शिवपुरी जिला अस्पताल में किया जा रहा है



## थाना गसवानी मे अवैध रैत चोरी परिवहन कर रहे ट्रैक्टर ट्राँली रेत भरी मय चालक के साथ पकडी

**पुष्पांजलि टुडे ब्यूरो विनोद पाठक**

**श्योपुर :-** पुलिस अधीक्षक श्योपुर श्री अनुराग सुजानिया , अति. पुलिस अधीक्षक श्री प्रेमलाल कुर्वे के निर्देशन में एवं एसडीओपी विजयपुर श्री निर्भय सिह अलावा के मार्गदर्शन में श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा अवैध परिवहन की धरपकड मे चलाये जा रहे अभियान के तहत आज दिनांक 18.12.2021 को थाना प्रभारी गसवानी नरेन्द्र सिंह राजपूत हमराही पुलिस बल की मदद से मुखबिर की सूचना पर तत्काल कार्यवाही करते हुये ग्राम सहसराम विजली घर के पास पर नाकाबंदी के दौरान अवैध रैत चोरी कर परिवहन करने वाले केशव पुत्र होतम यादव नि.खुर्रका को दवोचकर ट्रैक्टर ट्राँली रेत भरी को पकडने में महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है । जिस पर से अप.क्र. 123/2021 धारा 379 ताहि 4/21 खनिज अधिनियम , 53(1-3-5) म.प्र. गौंड खनिज अधिनियम 1966 का कायम किया गया । उल्लेखनीय है कि पकडे गये अवैध रैत परिवहन के आरोपी द्वारा विना रायल्टी के नीले रंग के स्वराज ट्रैक्टर - ट्राँली के मय रैत के सहसराम विजली घर के पास के पास कुल कीमती 6,00000/(छ:लाख रुपये ) का मुखबिर की सूचना पर नाकावन्दी कर दबोचकर मय माल के जब्त किया गया ।

**सराहनीय भूमिका :-** थाना प्रभारी गसवानी नरेन्द्र सिह राजपूत मय.सउनि श्रीराम सिह सिकरवार,का.वा.सउनि वकील सिह गुर्जर मय का.वा.प्र.आर.266 हेमन्त सिह , का.वा.प्र.आर.54 अरुण सिह, रावत , का.वा. प्र.आर. 400 रविन्द्र सिह भदौरिया, आर. 503 दशरथ गुर्जर ,आर.551 अखिलेश धाकड की महत्वपूर्ण भूमिका रही है ।

## एमपी बोर्ड ने 9वीं-12वीं की तिमाही परीक्षा के अंक अपलोड करने की डेट बढ़ाई

**भोपाल।** मध्य प्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल ने से बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी शुरू कर दी है। इसके साथ ही बोर्ड ने परीक्षा के आयोजन के संबंध में बड़ा फैसला लिया है. जिसके अनुसार बोर्ड ने स्कूलों द्वारा 9वीं-12वीं के तिमाही परीक्षा के अंक ऑनलाइन अपलोड करने की लास्ट डेट बढ़ा दी है. जिसके बाद अब स्कूल 15 जनवरी 2022 तक अंक ऑनलाइन पोर्टल पर अपलोड कर सकेंगे। दरअसल बोर्ड निर्धारित योजना के तहत छात्रों के अंक ऑनलाइन अपलोड करवा रहा है. यदि किन्हीं कारणों से परीक्षाओं का आयोजन नहीं हो पाता, ऐसे में तिमाही, छमाही और आंतरिक मूल्यांकन की मार्किंग पद्धति के हिसाब से परीक्षा परिणाम तैयार किए जा सकेंगें। 11वीं कक्षा के छात्रों के अंक प्रविष्टि हेतु विद्यालयों को पिछले वर्ष के कुल छात्रों की लिस्ट ऑनलाइन अपलोड करनी होगी. इसके साथ ही बोर्ड ने स्कूलों को निर्धारित तिथि तक ऑनलाइन अंक अपलोड करने के निर्देश दिए हैं।

## अम्बाह एसडीओपी की शख्त रबैया देख पंचायत चुनाव को लेकर अलर्ट हुई पुलिस...

**डिवीजन के अम्बाह, पोरसा, नगरा, महुआ, सभी थाना पुलिस ने आठ सैकडा के खिलाफ की बाउंन्ड ओबर की कारबाही...**

**केशव पंडित जी अम्बाह...**



अम्बाह...उपपुलिस अशोक सिह जादौन के शख्त तेबर देख पंचायत चुनावो को लेकर डिवीजन भर की पुलिस खासी अलर्ट होगई है जिसके चलते अम्बाह पोरसा महुआ नगरा आठ सैकडा से अधिक ऐसे लोगो के खिलाफ बाउन्ड ओवर की कारबाही की गई जिससे चुनाव समय माहोल खराव किये जाने की आशंका थी उल्लेखनीय है कि अम्बाह डिबीजन के युवा एसडीओपी अशोक सिह जादौन द्वारा पंचायत चुनावो को लेकर खासी सख्ती बरती जारही है जिन्होने स्पष्ट शब्दो में कहा है कि चुनाबो मे अब तक जो भी चलता रहा है उससे मुझे कोई मतलव नही है इस बार के चुनाब में जो भी गडबडी करने का प्रयास करेगा उसके खिलाफ कडी से कडी कारबाही की जाबेगी फिर चाहे वह कितना भी रसूखदार क्यो न हो वही उन्हौने अम्बाह डिबीजन के सभी थाना प्रभारियो को कडी हिदायत दी है कि पंचायत चुनाबो को लेकर वह अलर्ट रहै इसके परिपालन में अम्बाह पोरसा नगरा थाना प्रभारियो ने अपनी अपनी तैयारिया शुरू कर दी है जो अपनी टीम के साथ मिलकर न केबल क्षैत्र में बदमाशो व गुण्डा तत्वो को चिन्हित कर रहै है बल्कि सैकडा के हिसाब से अधिक बदमाशो को बाउन्ड ओबर की कारबाई की गई है इस कार्य शैली को देखकर समाज कटको में खासी दहसत ब्याप्त है यहा बताना गौरतलब होगा कि बिगत दिनो आसामाजिक तत्बो द्वारा पिछले दिनो उसेथ रोड पर अन्धाधुन्ध फायरिग की गई थी जिसमे अम्बाह एसडीओपी ने तत्परता दिखाते हुये आरोपियो को दबोचकर सलाखो के पीछे पहुचा दिया...

## पंचायत चुनाव में ओबीसी आरक्षण खत्म कराने की गुनाहगार है बीजेपीः पटेल

**भोपाल।** मध्यप्रदेश में हो रहे पंचायत चुनाव को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए दिए गए आरक्षण को समाप्त करके चुनाव कराने का निर्देश दिया है. कांग्रेस ने इस मुद्दे पर मध्यप्रदेश की शिवराज सिंह चौहान सरकार को घेरा है. कांग्रेस विधायक और पूर्व पंचायती राज मंत्री कमलेश्वर पटेल ने कहा कि इस फैसले से अन्य पिछड़ा वर्ग के लोगों को गहरा धक्का पहुंचा है. उन्होंने कहा कि बीजेपी की सोच हमेशा से आरक्षण को समाप्त करने की रही है. इसीलिए जानबूझकर चुनाव प्रक्रिया में संवैधानिक प्रावधानों का उल्लंघन किया गया और मामला कोर्ट में गया. अगर शिवराज सरकार सुप्रीम कोर्ट में सही ढंग से पैरवी करती तो इस तरह का फैसला नहीं आता। पटेल ने कहा, 'अपने षड्यंत्र और गलतियों और अन्य पिछड़ा वर्ग विरोधी चरित्र को छुपाने के लिए बीजेपी कांग्रेस पार्टी पर झूठे इल्जाम लगा रही है. मध्य प्रदेश के पंचायत चुनाव को लेकर कांग्रेस पार्टी सुप्रीम कोर्ट में या हाई कोर्ट में नहीं गई थी।

# आर्य समाज द्वारा कराई जाने वाले विवाह पर ग्वालियर हाईकोर्ट ने उठाए सवाल, कहा- दुकान बन गई संस्थाएं

भोपाल (ईएमएस)। आर्य समाज द्वारा कराई जाने वाले विवाह पर ग्वालियर हाईकोर्ट ने सवाल उठाते हुए तीखी टिप्पणी करते हुए कहा कि आजकल दुकान बन गई हैं संस्थाएं। हाईकोर्ट ने माना है कि शादियों के लिहाज से कुछ आर्य समाज की संस्थाएं दुकानों के रूप में तब्दील हो चुकी हैं। आर्य समाज अपने यहां होने वाली शादियों में कोर्ट द्वारा पूर्व में निर्धारित किए गए निर्देश का पालन नहीं कर रहे हैं, इससे समाज में दूषित वातावरण पैदा हो रहा है। आर्य समाज में होने वाली शादियों के सर्टिफिकेट पर भी कोर्ट ने सवाल उठाए है कोर्ट ने माना है कि सर्टिफिकेट जारी करने का अधिकार प्राधिकृत अधिकारी को ही है।

अदालत ने यह टिप्पणी उपनगर मुरार के मूल शंकर आर्य समाज वैदिक संस्था की एकल पीठ कोर्ट के निर्देशों के खिलाफ हाईकोर्ट में दायर की गई अपील पर बहस के दौरान की। अदालत की डिवीजन बेंच ने इसे खारिज कर दिया है। मामला ग्वालियर निवासी प्रदीप राणा ने हुरावली स्थित मूलशंकर आर्य समाज वैदिक संस्था के माध्यम से प्रेम विवाह से जुड़ा है। संस्था से प्रमाण पत्र लेने के बाद उसने कोर्ट में अपने परिजन से खतरा बताते हुए सुरक्षा मांगी थी। पर कोर्ट की एकल पीठ ने उसकी शादी को ही अवैध घोषित कर दिया था। इतना ही नहीं शादी कराने वाली संस्था मूलशंकर आर्य समाज वैदिक संस्था में विवाह कराने को ही प्रतिबंधित कर दिया था। कोर्ट ने आदेश दिया था कि इस संस्था में होने वाले विवाहों की एसपी के द्वारा जांच की जाए।

गौरतलब है कि आर्य समाज वैदिक संस्था ने हाईकोर्ट की एकल पीठ के आदेश 9 दिसंबर 2020 को चुनौती देते हुए युगल पीठ में अपील दायर की थी। इस अपील की सुनवाई मजिस्ट्रेट रोहित आर्या और मजिस्ट्रेट दीपक कुमार अग्रवाल की डबल बैंच ने सुनवाई की। इस अपील में तर्क दिया गया कि उनकी संस्था विवाह कराने का कार्य करती है और प्रमाण पत्र जारी करती है। अग्नि के फेरे कराकर विवाह कराया जाता है लेकिन एकल पीठ ने उनके खिलाफ गलत आदेश पारित किया है। पहले भी आदेश हुए हैं, लेकिन उन आदेशों को निरस्त किया जा चुका है। एकल पीठ के आदेश को भी निरस्त किया जाए। सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट में अतिरिक्त महाधिवक्ता एमपीएस रघुवंशी ने कहा कि किसी भी आर्य समाज संस्था को विवाद प्रमाण पत्र जारी करने का अधिकार नहीं है। कोर्ट ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद याचिका को खारिज कर दिया। कोर्ट ने कहा है कि हिंदू मैरिज एक्ट में विवाह की प्रक्रिया अपनाई जाए।

## समितियों का पंजीयन अब सिर्फ ऑनलाइन होगा

**भोपाल।** उपायुक्त सहकारी संस्थाएं, भोपाल ने बताया है कि जिले में सहकारी समितियों का पंजीयन अब केवल ऑनलाइन प्रक्रिया द्वारा किया जाएगा। ऑनलाइन प्रक्रिया से समितियों का पंजीयन करवाने हेतु संबंधित व्यक्तियों को कार्यालय आने की आवश्यकता नहीं है।उपायुक्त सहकारिता ने बताया कि समितियों के पंजीयन हेतु विभागीय ऑनलाईन पोर्टल पर जाकर 21 व्यक्ति मिलकर सहकारी समिति का गठन कर सकते हैं। पोर्टल पर नवीन संस्था का आवेदन करने हेतु आवेदक उल्लेखित लिंक पर जाकर स्वयं एमपी ऑनलाईन नागरिक सुविधा केन्द्र के माध्यम से आवेदन कर सकता है। आवेदक को पोर्टल पर अपना लॉग इन क्रिएट करना होगा। लॉग इन क्रिएट करने हेतु आधार से लिंक मोबाईल नंबर प्रविष्टि कर ओटीपी सत्यापन होगा। प्रस्तावित संस्था की जानकारी एवं प्रथम आवेदन की जानकारी भरकर पासवर्ड निर्मित करेगा।

## रानी मे निशुल्क सेनेटरी नेपकिन वितरण किए



**पुष्पांजलि टुडे। संवाददाता। नेनाराम सीरवी**

**पाली।** रानी पंचायत समिति स्थित वीसी हाल में उडान योजनान्तर्गत किशोरी बालिकाओं व महिलाओं को निशुल्क सेनेटरी नेपकिन वितरण किए गए। जिसमें महिला अधिकारिता विभाग की सुपरवाइजर सुश्री कल्पना चितारा ने योजना की जानकारी देते हुए बताया की किशोरी बालिकाओं के लिए सेंटनरी नेपकीन क्यों जरूरी हे इस बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। इसी के साथ महावारी में जानकारी के अभाव मे होने वाले परेशानी से अवगत करवाते हुए समाधान की जानकारी दी। इस अवसर पर महिला कांग्रेस नेता रेखा परिहार जवाली ने भी महिलाओं व किशोरी बालिकाओं के लिए सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दी। इस अवसर सहायक विकास अधिकारी गुलाब राय बोस, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता संतोष कंवर,अफरोज बानो,पुष्पा भाट,शमीम अख्तर, लक्ष्मी सहित साथिन सहित महिलाएं एवम् किशोरी बालिकाए मौजुद रही।

# रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह ट्रांजिट विजिट पर ग्वालियर आए



ग्वालियर। देश के रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह का रविवार को ट्रांजिट विजिट पर ग्वालियर आगमन हुआ। श्री राजनाथ सिंह दोपहर लगभग 12.30 बजे विमान द्वारा यहाँ राजमाता विजयाराजे सिंधिया विमानतल महाराजपुरा पहुँचे।

विमानतल पर केन्द्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह का स्वागत किया और सौजन्य भेंट की। रक्षा मंत्री के स्वागत के लिए सांसद श्री विवेक नारायण शेजवलकर भी विमानतल पर पहुँचे थे। साथ ही पूर्व मंत्री श्रीमती माया सिंह, भाजपा जिला अध्यक्ष श्री कमल माखीजानी, साडा के पूर्व अध्यक्ष श्री राकेश जादौन व श्री दीपक शर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधिगणों ने रक्षा मंत्री का आत्मीय स्वागत किया।

इस अवसर पर पुलिस महानिरीक्षक श्री अविनाश शर्मा, पुलिस उप महानिरीक्षक श्री राजेश हिंगणकर, कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह, पुलिस अधीक्षक श्री अमित सांघी, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री आशीष तिवारी व अपर कलेक्टर श्री एच बी शर्मा सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी भी विमानतल पर मौजूद थे। रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह ग्वालियर से हैलीकॉप्टर द्वारा झाँसी के लिये रवाना हुए और वहाँ स्थानीय कार्यक्रमों में भाग लेने के बाद अपरान्ह लगभग 3.45 बजे वापस ग्वालियर विमानतल पर पहुँचे। रक्षा मंत्री ने यहाँ से विमान द्वारा नई दिल्ली के लिये प्रस्थान किया।

# मुरार में चल रही भागवत कथा में धूमधाम से मनाया गया भगवान श्रीराम व कृष्ण जन्मोत्सव

### भगवान मनुष्य योनी में जन्म लेकर दुखः सुखी जीवन जीने की सीख देते है-महाराज महंतजी

### 16 से 23 दिसंबर तक श्रीमद्भागवत ज्ञानयज्ञ सप्ताह कथा आयोजित होगी



ग्वालियर- भगवान मनुष्य योनी में जन्म लेकर दुख~ में भी सुखी जीवन जीने की सीख देते है। भगवान श्री राम अयोध्या नरेश दशरथ के वहां जन्म लिया था। इसके बावजूद वे शालीनता, नम्रता और मर्यादा पुरुषोत्म कहलाते है। वे 14 वर्ष तक जंगलों में भटके। फिर भी उन्हें अभिमान नहीं था। मनुष्य के पास थोडा सा धन आने के बाद अभिमानी बन जाता है। यह विचार कथा वाचक राष्ट्रसंत महंत कृष्ण बिहारी दास महाराज ने परीक्षित अशोक रंजनी गुप्ता परिवार की ओर आज रविवार को चौथे दिन भगवान राम और कृष्ण जन्म प्रसंग के पर श्रीमद भागवत कथा में मुरार स्थित मदनमोहन मंदिर प्रांगण में संबोधित करते हुए व्यक्त किए।

महाराज महंत जी ने कहा कि भगवान राम और कृष्ण जैसे व्यक्तित्व के लिए बच्चों को उसी तरह के संस्कार देने होंगे और यह कार्य माताओं को करना होगा। भगवान राम मर्यादा पुरुषोत्तम थे तो श्रीकृष्णलीला पुरुषोत्तम थे। एक ने वनवास में रहकर उत्तर से दक्षिण तक पूरे देश को जोड़ा तो एक ने भागवद गीता के रूप में संसार के सार को समझाया। उन्होंने कहा कि जिस घर में तुलसी है, वह घर स्वर्ग है। कथा के उपरांत श्रीमद भागवत की आरती अशोक गुप्ता, रंजनी गुप्ता, कैलाशचंद्र गुप्ता, उमाशंकर गुप्ता, मुकेश गुप्ता, अंनत गुप्ता व मयंक गुप्ता सहित श्रध्दालुओं ने उतारी। 20 दिसंबर सोमवार को गोवर्धन की कथा आयोजित होगी।

### श्रीकृष्ण जन्मोत्सव पर झूमे श्रद्धालु गूँजे जयकारे

कथा के चौथे दिन रविवार को भगवान राम व कृष्ण जन्म के प्रसंग के साथ नंदोत्सव मनाया गया। कथा में कृष्ण जन्मोत्सव में बडी संख्या में श्रद्धालु उमड पडे। कथा के दौरान फल, फूल, गुब्बारों व टॉफियों से सजे सत्संग हॉल में कृष्ण जन्मोत्सव मनाया गया। कृष्ण जन्म होते ही संपूर्ण सत्संग हॉल कन्हैयालाल की जयकारो से गुंज उठा तथा चहुंओर पुष्पवर्षा की गई। जैसे ही भगवान श्रीकृष्ण के जन्म की कथा के साथ मंचन पंडाल में किया गया वैसे ही सत्संग पंडाल कृष्ण की जय-जयकार से गूंज उठा। नंद घर आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की भजन की प्रस्तुति पर सत्संग हॉल में मौजूद श्रद्धालु झूमकर नाचने लगे। वातावरण भक्तों के आनंद से स्वयं आनंदित था तो हजार कंठो से निकली आवाज से पूरा आकाश गुंजायमान था।

# मुनिश्री के प्रतिदिन मंगल प्रवचन चंपाबाग धर्मशाला में होंगे

### राग और द्वेष जीतने वाला परमेश्वर और परमात्मा कहलाता हैः मुनिश्री विहर्ष सागरजी



ग्वालियर। राग और द्वेष जीतने वाला परमेश्वर और परमात्मा कहलाता है। जो सर्व गुणों से युक्त हो वह ईश्वर है। गुरुओं की वाणी हमें मोक्ष मार्ग दिखाती है। जैन धर्म और जैन संस्कृति जीवन जीने की कला सिखलाती है। धर्म के सिद्धांत एवं छोटे-छोटे नियम से हम मोक्ष को प्राप्त कर सकते हैं। धर्म और संस्कार के लिए समर्पित होना ही पड़ेगा। यह विचार राष्ट्रसंत मुनिश्री विहर्ष सागर महाराज ने आज रविवार को नई स?क स्थित चंपाबाग धर्मशाल में धर्मसाभ को संबोधित करते हुए कही। मंच पर मुनिश्री विजयेश सागर महाराज, मुनिश्री विनिबोध सागर महाराज व ऐलक श्री विनियोग सागर महाराज मौजूद थे।

मुनिश्री ने कहा कि पाप और पारा कभी पचता नहीं है। पाप व्यक्ति के पीछे-पीछे चलता है। मनुष्य सोचता है पाप मैं अकेले में कर रहा हूं, मुझे कोई नहीं देख रहा है। लेकिन उसकी यह सोच गलत है। उसे खुद और खुदा देख ही रहा है। पाप कितना ही गुप्त हो, पर प्रकट तो हो ही जाता है। मनुष्य केवल मांस, मज्जा और हड्डी का पुतला नहीं वह अनंत की संभावना है।

**मुनिश्री के पादप्रच्छलन समाजजनों ने किए, महिलाओ ने शास्त्र भेंट किए**

जैन समाज के प्रवक्ता सचिन जैन ने बताया कि धर्मसाभ का शुभारंभ जैन समाज के समाजजनों ने सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलित व मुनिश्री के पादप्रच्छलन किए। महिलाओ ने मुनिश्री को शास्त्रभेंट किया। इस मौके पर विनय कासलीवाल ज्योतिषाचार्य पंडित हुकुमचंद जैन, सुनील भंडारी, पंकज बाकलीवाल, विहर्ष युवा मंडल, आदि मौजूद थे। वही मुनिश्री विहर्ष सागर महाराज के प्रातः 09 बजे से प्रतिदिन मंगल प्रवचन नई स?क स्थित चंपाबाग धर्मशाला में होंगे। मनुष्य इंसानियत का जीवन जीये तो इतना ऊपर उठ सकता है मुनिश्री ने कहा कि मनुष्य के भीतर परमात्मा बनने की संभावना ही नहीं सशक्त साम?र्थ्य भी है।






# अशफाकुल्लाह खां, पंडित राम प्रसाद बिस्मिल, ठाकुर रोशन सिंह की कुर्बानी को अपनाएं

**यूवा भारत की आजादी, संविधान, लोकतंत्र बचांए: डॉ. देवेन्द्र शर्मा**



ग्वालियर। शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ. देवेन्द्र शर्मा के मुख्यातिथ्य एवं कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष महाराज सिंह पटेल की अध्यक्षता में आजादी के आदोलन के शहीद अशफाकुल्ला खां, पंडित राम प्रसाद बिस्मिल एवं ठाकुर रोशन सिंह के द्वारा भारत की आजादी के आंदोलन में दी गई कुर्बानी को नमन करते हुए उनके चित्रो पर माल्यपर्ण कर विनम्र श्रृद्धांजली अर्पित की गई।

कार्यक्रम का संचालन करते हुए कांग्रेस सेवादल के पूर्व अध्यक्ष हमीद खां उस्मानी ने कहा कि आज ग्वालियर मे देश में और प्रदेश में आजादी के आंदोलन में अपने प्राण न्यौक्षावर करने वाले शहीदो को हमे स्मरण करना चाहिए ताकि युवा पी?ी को पता चलाना चाहिए कि भारत की आजादी में कोई फांसी पर झूला, किसी ने सीने पर गोली खाई तभी भारत ने आजादी पाई।

आजादी के आदोलन के शहीद अशफाकुल्ला खां, पंडित राम प्रसाद बिस्मिल एवं ठाकुर रोशन सिंह को विनम्र श्रृद्धांजली अर्पित करते हुए शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ. देवेन्द्र शर्मा, प्रदेश महासचिव सुनील शर्मा ने कहा कि आजादी के आंदोलन में शहीद यूवा तरूणाई ने अपने प्राण हाथो पर रखकर देश को आजाद कराने के लिए संघर्ष किया और आजादी के आंदोलन मे अंग्रेजो के खिलाफ संघर्ष करने वाले सैनानियों की मदद के लिए काकोरी रेल कांड करके अंग्रेजो को हिला कर रख दिया, ऐसे महान सैनानियों की प्रेरणा हर भारतवासी के लिए आवश्यक है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कार्यकारी अध्यक्ष महाराज सिंह पटेल ने कहा कि अंग्रेजी हुकुमत के खिलाफ देश के युवांओ को एक करने के लिए भारत को आजाद कराने के लिए अशफाकुल्ला खां, पंडित रामप्रसाद बिस्मिल, ठाकुर रोशन सिंह ने लखनऊ के निकट चन्द्रशेखर आजाद के नेतृत्व में काकोरी कांड से पूरे भारत को यह संदेश दिया कि भारत की आजादी के लिए सरफरोशी की तम्मना अब हमारे दिल मे हे, देखना है जोर कितना बाजुए कातिल में है। इस मूलमंत्र से देश के यूवांओ में जोश आया, जो इतिहास बनाता है वह इतिहास मे अमर हो जाता है, आज भारत के युवांओ को भारत की आजादी भारत के संविधान लोकतंत्र बचाने के लिए आगे आना चाहिए।

कार्यक्रमें में कवियों सर्व श्री अमित चितवन, देवेन्द्र राही, कादांम्बरी आर्य, धर्मपाल मधुकर, अर्चना बामनगया, अल्का जेन शरर मुबंई ने कविता पाठ करते हुए कहा कि शहीदो की चितांओ पर हर वर्ष लगेंगे मेले, वतन मिटने वालों का कारवां कम न होगा। वतन की आजादी में कुर्बानी देने वालो भुलाना मत, यह देश की पूंजी हे धरोहर, इनकी कुर्बानी से हम आजाद भारत में सांस ले रहे हे।

कार्यक्रम में कार्यकारी अध्यक्ष अमर सिंह माहोर, वीर सिंह तौमर, चतुर्भुज धनोलिया, सेवादल के जनक सिंह यादव, जयराज चौहान, उदल सिंह, युवा कांग्रेस अध्यक्ष हेवरन कंसाना, सेवादल अध्यक्ष हरेन्द्र गुर्जर, आईटी सेल अध्यक्ष तरूण यादव, जेएच जाफरी, नाजिम खान, ब्लॉक अध्यक्ष राजेश खान, अब्दुल हमीद पप्पू, इकबाल खान, संजीव दीक्षित, कामरान कुरेशी, रामनरेश परमार, अरूण परिहार, बसीम नियाजी, लल्लू खटीक, अरविंद पाल, चेतन भार्गव, रज्जाक कुमार, आशा माहोर, ओमलता त्रिपाठी, चंन्द्रशेखर नायक मदन मोहन शर्मा, राजू बाथम आदि उपस्थित थे।

# ग्वालियर अंचल का विकास करना मेरा करम एवं धरम हैः केन्द्रीय कृषि मंत्री श्री नरेन्द्र सिंह जी तोमर

**एमपीसीसीआई के दीपावली मिलन समारोह के अंतर्गत अखिल भारतीय कवि सम्मेलन आयोजित**



ग्वालियर। म.प्र. चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्री (एमपीसीसीआई) के दीपावली मिलन समारोह के अंतर्गत चेम्बर सदस्यों हेतु अखिल भारतीय कवि सम्मेलन एवं स्वरूचि भोज का आयोजन विगत दिवस रंगमहल गार्डन में आयोजित किया गया है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में केन्द्रीय कृषि विकास एवं किसान कल्याण मंत्री-माननीय श्री नरेन्द्र सिंह तोमर पधारे। इस अवसर पर सर्वश्री विनीत चौहान (अलवर), जानी वैरानी (धार), डॉ. भुवन मोहिनी (इंदौर), रमेश मुस्कान (आगरा), अखिलेश द्विवेदी (प्रयागराज), अनिल अग्रवंशी (दिल्ली) एवं तेजनारायण शर्मा (जौरा-मुरैना) ने काव्य पाठ किया। कार्यक्रम के प्रारंभ में एमपीसीसीआई अध्यक्ष-विजय गोयल ने अपने स्वागत उद्बोधन में कहा कि दीपावली मिलन समारोह थोड़ी देर से आयोजित किया जा रहा है लेकिन हम देखते हैं कि हमारे देश में समय-समय पर दीपावली मनती रहती है, अभी हमने बनारस एवं काशी विश?वनाथ में दीपावली मनाई है। मैं चाहता हूं कि हमारे देश में दीपावली लगातार मनती रहनी चाहिए और यह सिलसिला रूकना नहीं चाहिए। आज हमारे बीच मुख्य अतिथि के रूप में पधारे हमारे अपने ही माननीय श्री नरेन्द्र सिंह तोमर जी का मैं हृदय से हार्दिक अभिनंदन करता हूं और यहां उपस्थित सभी कविगणों एवं चेम्बर के समस्त सदस्यों का भी हार्दिक अभिनंदन करता हूं। एक समय था जब ग्वालियर से एक ही फ्लाइट संचालित होती थी, जो कि कालांतर में बंद हो गई। चेम्बर ऑफ कॉमर्स निरंतर इसकी मांग करता रहा, जिस पर हमें सफलता जरा देर से मिली। हमारे अपने माननीय श्री नरेन्द्र सिंह तोमर जी ने भारत के चार शहरों के लिए फ्लाइट प्रारंभ कराई। उसके बाद माननीय श्रीमंत ज्योतिरादित्य जी सिंधिया केन्द्रीय नागर विमानन मंत्री बने हैं तब से ग्वालियर को जो हवाई सुविधाओं मिल रही हैं, वह हम सबको ज्ञात है। ग्वालियर को 500 करो? की लागत से नया एयरपोर्ट भी मिलने जा रहा है। इसके लिए आलू अनुसंधान केन्द्रीय की जमीन का आवंटन कराने में हमारे मुख्य अतिथि माननीय श्री नरेन्द्र सिंह जी तोमर ने सकारात्मक भूमिका का निर्वाहन किया है।

# भागवत कथा में भगवान की बाल लीलाओं का किया वर्णन

ग्वालियर। श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ एवं शिव महिमा के पांचवे दिवस में परम पूज्य महामण्डलेश्वर साध्वी प्रज्ञा भारती के परम शिष्य स्वामी सुनीलानंद जी महाराज ने श्रीमद् भागवत कथा में में भगवान की बाल लीलाओं का वर्णन करते हुए कहा कि शरीर मथुरा है और हृदय गोकुल, नन्द जीव है इस शरीर को मथुरा बनाना है हृदय गोकुल में बाल कृष्ण को पधराओ। महाराज जी ने कहा कि भगवान ने माखन चोरी लीला गोपियों के उद्धार के लिए रचाई, भगवान की लीलाओं को समझना है तो आपको निर्मल बनना होगा तभी यह लीलाऐं समझ में आयेंगी। कथा के दौरान माखन चोरी की बहुत ही सुंदर झांकी की प्रस्तुति हुई। गोवर्धन लीला का उदाहरण देते हुए महाराज ने कहा कि एक और भगवान ने इन्द्र के घमंड को तोड़ा वहीं दूसरी और गोवर्धन लीला के माध्यम से समाज को प्रकृति के संरक्षण के लिए प्रेरित किया। श्रीमद् भागवत में प्रतिदिन सुबह 9 बजे से सभी यजमानों का पूजन होता है। दिनांक 20 दिसम्बर 2021 को महारास की कथा एवं भगवान के विवाह के महोत्सव का आयोजन किया जायेगा। श्री अचलेश्वर महादेव के पास जीवायएमसी प्रांगण में दोपहर 2.00 बजे से 5.30 बजे तक चल रही है। शहर के गणमान्य नागरिक देवेंद्र शर्मा जिला अध्यक्ष कांग्रेस रामबाबू कटारे दीपेंद्र सिंह कुशवाहा एडवोकेट रविंद्र सिंह कुशवाहा उप महाधिवक्ता मध्य प्रदेश उ%च न्यायालय मुकेश शर्मा गंगा सिंह सिकरवार महेंद्र सिंह सिंगर दिनेश गेड़ा जागेश्वर सिंह भदोरिया राजेश मिश्रा सुरेंद्र सिंह परिहार विजय कब जा नवीन सक्सेना महेंद्र शुक्ला दिनेश पाराशरअतुल प्रधान शैलेंद्र भैया सत्यम चतुर्वेदी नंदिनी शर्मा गार्गी चौरसिया राजकुमार जैन सहित बड़ी संख्या में महिला और पुरुष उपस्थित थे कार्यक्रम के उपरांत नंदिनी शर्मा की टीम ने भजन प्रस्तुत किए तथा उसके बाद शहर के प्रतिष्ठित कवियों ने काव्य पाठ का आयोजन किया गया।



स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक-भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स-गोवर्धन कॉलेनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130 नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478